卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐ॐ 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 176 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦6 अप्रैल 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## बाबा तरसेम सिंह को श्रद्धांजलि के लिए उमड़ी संगत

### अंतिम अरदास में सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम, चेकिंग के बाद ही दिया गया प्रवेश

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। कारसेवा बाबा तरसेम सिंह आत्मा की शांति के लिए अखण्ड पाठ साहिब के भोग में कारसेवा परिसर में आज हजारों की संख्या में आसपास व दूरदराज से आई संगत ने बाबा को श्रद्धांजलि दी। बाबा के अंतिम भोग अरदास में भीड़ को देखते हुये भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। भोग में संगत की तलाशी लेकर ही अंदर जाने दिया जा रहा था। बता दें कारसेवा बाबा तरसेम सिंह की 28 मार्च को दों बाईक सवार बदमाशों ने गोली मारकर कारसेवा परिसर में हत्या कर दी थी।





कारसेवा बाबा की हत्या के बाद उत्तराखण्ड पुलिस में हड़कम्प मच गया था। संत बाबा तरसेम सिंह की आत्मा की शान्ति के लिए 4 अप्रेल को अखण्ड पाठ साहिब रखा गया, जिसका भोग आज शनिवार को कारसेवा में लगाया गया। बाबा के अंतिम अरदास में प्रात: से संगत दूरदराज व आसपास से पहुंचने लगी थी। पुलिस ने बाबा के भोग व अंतिम अरदास में भारी भीड़ जुटने के चलते गेट कर पुलिस तैनात कर चेंकिग के बाद ही अंदर जाने दिया। इस दौरान हजारों की संगत कारसेवा बाबा के अंतिम भोग में पहुंची थी। नानकमत्ता एसओ देवेन्द्र गौरव , एसओ प्रवीण कोश्यारी, सुंदरम शर्मा के नेतृत्व में भारी (शेष पृष्ठ सात पर)

## उत्तराखण्ड को खालिस्तान नही बनने देंगे: गुरसिमरन मंड

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। कारसेवा बाबा तरसेम सिंह की हत्या कर पंजाब से आकर उत्तराखण्ड में दहशत



फैलाने वाले हत्यारों को प्रशासन फॉसी से कम सजा न दे। उत्तराखण्ड को पंजाब किसी भी कीमत में नही बनने दिया जायेगा। कारसेवा तरेसम सिंह के अंतिम भोग अरदास में श्रदांजलि देने पहुंचे अंतराष्ट्रीय खालिस्तानी विरोधी आतंकवादी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरसिमरन सिंह मंड ने कारसेवा डेरा में प्रेस वार्ता में खुला ऐलान करते हुंए कहा कि उत्तराखण्ड को खालिस्तान नही बनने दिया जायेगा। जो ताकतें कारसेवा बाबा तरसेम सिंह की हत्या कर तराई में पंजाब जैसा माहौल पैदा कर अशांति फैलाना चाहते है। ऐसे लोगों के मंसूबे किसी भी कीमत में कामयाब नही होंगे। उन्होंने कहा कि हत्यारों ने पंजाब से आकर उत्तराखण्ड में गुरू की नगरी में दस लाख की सुपारी लेकर बाबा की हत्या कर बदमाशी की है। ऐसे लोग किसी भी कीमत में बख्शे नही जाएंगे। श्री मंड ने कहा कि बाबा की हत्या के बाद (शेष पृष्ठ सात पर)

### शूटरों का पकड़वाने वाले को पांच लाख का ईनाम देने का ऐलान

नानकमत्ता। बाबा के हत्यारों को पकड़वाने वाले को 50 हजार के ईनाम की धनराशि को कम बताते हुये अंतराष्ट्रीय खालिस्तानी विरोधी आतंकवादी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरसिमरन सिंह मंड ने अपनी तरफ से 5 लाख रूपये का ईनाम देने की घोषणा की है। उन्होंने फांसी की मांग के साथ ही अपराधियों को एनकांउण्टर करने की मांग करते हुये कहा कि वह जल्द सीएम व प्रशासन से वार्ता कर बाबा के हत्यारों की जल्द गिरफ्तारी की मांग करेंगे।

## नमाज के लिए घर से निकले युवक का शव मिलने से सनसनी

रुड़की(उद संवाददाता)। लक्सर के मखियाली खुर्द गांव में अलविदा जुमे की नमाज पढ़ने के लिए निकला युवक घर नहीं लौटा। देर रात युवक का शव गांव के पास ही निर्माणाधीन मकान में शटरिंग के सामान के नीचे पड़ा मिला। युवक की कुछ लोगों के साथ हाथापाई होने की बात सामने आ रही है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीणों के अनुसार लक्सर कोतवाली क्षेत्र के मखियाली खुर्द गांव निवासी हलीम का 22 वर्षीय बेटा शादाब शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे नमाज पढ़ने के लिए लंढौरा स्थित मस्जिद के लिए घर से निकला था। देर रात तक उसके नहीं लौटने पर परिजनों ने ग्रामीणों के साथ उसकी तलाश शुरू की। इसी बीच गांव के दूसरे किनारे पर रहने वाले कुछ युवकों ने जानकारी दी कि जब शादाब नमाज पढ़ने जा रहा था तो उसकी कुछ युवकों के साथ कहासुनी और हाथापाई हुई थी। जब वह वहां से निकल रहे थे तो उन्हें समझा-बुझाकर अलग कर दिया था। इसी बीच तलाश करते हुए जब परिजन गांव के निकट निर्माणाधीन मकान में पहुंचे तो शादाब का शव शटरिंग के सामान और घास से ढका मिला। ग्रामीणों के मुताबिक शादाब के शरीर पर चोट के काफी निशान थे, जिससे अंदेशा है कि किसी ने उसकी पीटकर हत्या की है।

## हाईकोर्ट के आदेश पर सुरक्षा लेने पहुंचे नवविवाहित दम्पत्ति के साथ पुलिस ने की मारपीट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उच्च न्यायालय के आदेश पर किच्छा कोतवाली में सुरक्षा को लेकर आये नवविवाहित दम्पत्ति और उसके परिजनों के साथ महिला एसआई ने गाली-गलौज कर मारपीट कर दी। यही नही उक्त पुलिस कर्मी ने उच्च न्यायालय के आर्डर को भी फाड़ कर फैंक दिया गया। जानकारी के अनुसार किच्छा निवासी रवि रस्तोगी ने यही निवासी युवती के साथ उसके परिजनों की (शेष पृष्ठ सात पर)



## दुकान में भड़की आग,लाखों का नुकसान

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गत रात्रि ट्रांजिट कैम्प के शिमला बहादुर में शार्ट सर्किट से लगी आग से दुकान में रखा लाखों रूपये कीमत का सामान जल कर राख हो गया। मामले की सूचना मिलने पर थाना पुलिस व दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार शिमला बहादुर स्थित जय दुर्गा काम्पलैक्स में मौहल्ला खेड़ा निवासी अशोक राजपूत की राजपूत शूज एंड कास्मेटिक नाम से करीब डेढ़ वर्ष से दुकान है। बताया जाता है कि वह गत रात्रि में दुकान बंद करके घर चला गया था। करीब दस बजे पडोसी दुकानदारों ने दुकान के भीतर से



धुंआं निकलते देखा। उन्होंने इसकी जानकारी तुरंत अशोक को दी। साथ ही दुकान के शटर के ताले तोड़कर आग बुझाने का काम शुरू किया और मामले की सूचना ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस व दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष भारत सिंह तथा दमकल कर्मी दलबल के साथ मौके पर आ गये और उन्होंने लोगों की मदद से आग बुझाने काम शुरू किया। वहीं दुकान स्वामी भी परिजनों के साथ वहां आ गया। आग की भयानकता को देख आस पास की दुकानों को भी खतरा पैदा हो गया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। दुकान स्वामी अशोक राजपूत ने बताया कि अग्नि (शेष पृष्ठ सात पर)

## चोरी के सामान सहित कबाड़ी को किया गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। चोरी का सामान खरीदने वाले कबाड़ी को पुलिस ने चाकू और चोरी के सामान सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार अपर उपनिरीक्षक नवीन जोशी, कांस्टेबल विजयपाल सिंह के साथ क्षेत्र में चैकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर वह किच्छा रोड में भदईपुरा बिजली घर के पास पहुंचे जहां एक कबाड़ी खड़ा दिखाई दिया। पूलिस ने तुरंत उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता मुज्जमिल पुत्र अहमद हुसैन (शेष पृष्ठ सात पर)

## कामना सागर में हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**कालीपद विश्वास/विक्की मंडल**

दिनेशपुर/शक्तिफार्म(उद संवाददाता) हरि चांद गुरु चांद मतुआ मिशन के संस्थापक हरिचांद्र ठाकुर की जन्मोत्सव पर चल रहे तीन दिवसीय मतुआ मेले के दूसरे दिन देश भर के विभिन्न प्रांतो के अलावा पड़ोसी राष्ट्र नेपाल और बांग्लादेश से भी हजारों श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने मधु कृष्ण त्रयोदशी महायोग में कामना सागर में स्नान कर अपने आराध्य देव का नमन किया। सुबह हजारों मतुआ अनुयायियों ने ढाक ( वाद्य यंत्र) ढोल नगाड़ो और हरिचंद ठाकुर तथा दिवंगत आचार्य गोपाल महाराज के चित्र को रथ में बैठकर स्वयं विवेकानंद श्रद्धालुओं के साथ पैदल शोभा





यात्रा निकाली। हरि मंदिर प्रांगण से शुरू हुई शोभा यात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से होकर मुख्य चौराहे से वापस मंदिर आकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में शामिल लोग डांका ढोल शख ध्वनि के साथ जय हरि बोल जय हरि बोल का जाप कर रहे थे। इस दौरान हजारों लोगों ने कामना सागर में फल दान किया। स्नान कार्यक्रम सुबह 7:30 से दिन के 1:30 बजे तक चला। मंदिर परिसर में देशभर से आए श्रद्धालुओं की टीमों का क्रमबद्ध हरि बोल नाम की कीर्तन और अटूट लंगर जारी रहा। मंदिर परिसर में दिवंगत आचार्य गोपाल ब्रह्मचारी के प्रमुख शिष्य विवेकानंद ब्रह्मचारी ने हजारों महिलाओं और पुरुषों को सामूहिक दीक्षा देकर मतुआ संप्रदाय में शामिल किया। **शक्तिफार्म-** मतुआ संप्रदाय के संस्थापक हरिचांद ठाकुर की 213 वीं जयंती पर गुरुग्राम मंदिर में चार दिवसीय मतुआ मिलन कार्यक्रम शुक्रवार से शुरू हो चुका है। मतुआ मेले के दूसरे दिन शनिवार को तिथि अनुसार पर महा वारुणी स्नान संपन्न हुआ। मंदिर परिसर में स्थित कामना सागर में दोपहर 12:30 बजे से स्नान शुरू हुआ। कामना सागर में हजारों अनुयाईओ ने श्रद्धा की डुबकी लगायी। जिसकी हरिचंद गुरूचंद मतुआ धर्म सेवा समिति द्वारा सभी तैयारियां की गई थी। इस दौरान मंदिर परिसर में मेले का भी आयोजन किया गया। श्री ओढ़ाकांदी धाम बांग्लादेश व सात समुद्र देश की प्रमुख तेरह नदियों से लाए गए जल को कृत्रिम तालाब 'कामना सागर' में मिलाकर उसे पवित्र कर महावारुणी स्नान के लिए तैयार किया गया है। साथ ही उत्तरप्रदेश, (शेष पृष्ठ सात पर)

# चुनावी समर में गरमाया 'रोड नहीं तो वोट नहीं' का मुद्दा

## उत्तराखंड के पचास से ज्यादा गांवों ने किया चुनाव बहिष्कार का ऐलान
## सड़क पेयजल और बिजली की समस्याओं से लोग दशकों से परेशान

देहरादून(उद ब्यूरो)। उत्तराखंड के चुनावी समर में जनसमस्याओं और विकास कार्यो के मूद्दों को लेकर ग्रामीण वोटर मुखर रहते हैं। ऐसे में चुनाव बहिष्कार का मुद्दा लोकसभा चुनाव से पहले उत्तराखंड में गरमा रहा है। अल्मोड़ा से लेकर पौड़ी तक पहाड़ से लेकर मैदान तक कई गांव चुनाव बहिष्कार कर रहे हैं। चुनाव बहिष्कार के पीछे यूं तो कई मुद्दे हैं लेकिन सबसे ज्यादा जो मुद्दा उठ रहा है वो सड़क का है। जिसको लेकर प्रदेश के पचास से ज्यादा गांवों ने चुनाव बहिष्कार का ऐलान कर दिया है। लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव के लिए उत्तराखंड में पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। लेकिन इस से पहले चुनाव बहिष्कार के स्वर सुनाई दे रहे हैं। अल्मोड़ा जिले के 15 गांवों ने चुनाव बहिष्कार का ऐलान किया है। पेयजल, सड़क जैसे मुद्दों को लेकर ग्रामीणों ने ये ऐलान किया है। पानी की किल्लत और सड़क ना होने के कारण ग्रामीण परेशान हैं। अल्मोड़ा जिले के हटोला, पुनाइजर, कसाण, खुडयारी, बरगेटी, सुखाली और तलस्यारी के ग्रामीण चुनाव बहिष्कार करेंगे। इसके साथ ही दलमोटी, बलुटिया में चार किमी सड़क ना बनने के कारण चुनाव बहिष्कार की बात कही है। जबकि सोमेश्वर विधानसभा के अंतर्गत खाइकट्टा और क्वैराला गांव में पेयजल समस्या को लेकर चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दी गई है। बात करें सल्ट की तो 11 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने 28 किमी लंबे झीपा-टनौला-डबरा तक मोटरमार्ग पर डामरीकरण ना होने के कारण मतदान ना करने की चेतावनी दी है। लोकसभा चुनाव से पहले अपनी मांगों को लेकर पहाड़ से लेकर मैदान तक लोग चुनाव बहिष्कार कर रहे हैं। वन इंडिया हिंदी की एक रिपोर्ट के मुताबिक पौड़ी गढ़वाल जिले के 35 गांवों ने सड़क की मांग को लेकर चुनाव बहिष्कार का ऐलान किया है। ग्रामीणों का कहना है कि इतने सालों से उन्होंने वोट दिया लेकिन फिर भी विकास नहीं हुआ। इस बार को वोट ना देकर जन



प्रतिनिधियों को जगाना चाहते हैं। लोगों का कहना है कि वो 44 साल से सड़क का इंतजार कर रहे हैं। बता दें कि इन 35 गांवों ने पार्क प्रभावित संघर्ष समिति के बैनर तले आंदोलन भी किया। लेकिन इनके बाद भी उनकी मांगें पूरी नहीं हुई हैं। चमोली में गांव बनाने की मांग करते हुए चमोली जिले के नगर पंचायत देवरोड़ा वार्ड के लोगों ने चुनाव बहिष्कार का ऐलान किया है। यहां तक लोगों ने जन प्रतिनिधियों को गांव के अंदर ना घुसने की चेतावनी दी है। लोगों का कहना है कि उन्होंने गांव के सभी रास्तों पर गांव नहीं तो वोट नहीं के बैनर लगाए गए हैं। जब तक उन्हें नगर पंचायत से हटाकर दोबारा ग्राम पंचायत में नहीं डाला जाता वो चुनाव बहिष्कार के साथ ही किसी भी जनप्रतिनिधि को गांव में नहीं घुसने देंगे। चमोली जिले के ही डुमक गांव के लोगों ने सड़क की मांग करते हुए चुनाव बहिष्कार का ऐलान किया है। बता दें कि ग्रामीण चार दशकों से गांव को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण सड़क के निर्माण के लिए आंदोलन कर रहे हैं। लेकिन आज तक उनकी मांग पूरी नहीं हो पाई है। बता दें कि सड़क निर्माण की मांग को लेकर दशोली और पैनखंड क्षेत्र के लोग 1990 के दशक से दो बार चुनाव का बहिष्कार कर चुके हैं। सड़क ना होने से परेशान लोग किसी एक गांव के नहीं है बल्कि कर्णप्रयाग में किमोली-पारतोली गांव के लोगों को सड़क की डामरीकरण ना होने के कारण आक्रोश है। उन्होंने पोस्टर लगा दिए हैं कि उनके गांवों में कोई प्रतिनिधि नहीं आना चाहिए।चंपावत जिले के बाराकोट ब्लॉक के बंतोली गांव में सड़क का निर्माण नहीं होने से नाराज स्थानीय लोगों ने आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान के बहिष्कार का ऐलान किया है। बता दें ग्रामीण लंबे समय से मरोड़ाखान बंतोली सड़क में डामरीकरण की मांग कर रहे है। लेकिन ग्रामीणों की मांग अभी तक पूरी नहीं हो पाई। राजधानी देहरादून की डोईवाला विधानसभा की तीन पंचायतों ने चुनाव बहिष्कार का ऐलान किया है। ग्रामीणों ने रोड नहीं तो वोट नहीं का बैनर लगाकर चुनाव बहिष्कार का ऐलान कर दिया है। सड़क ना बनने के कारण लोगों में खासा आक्रोश है। गांवों के विकास के लिए सांसदों द्वारा कुछ गांवों को गोद लिया जाता है। लेकिन सांसदों द्वारा गोद लिए गए गांवों ने भी चुनाव बहिष्कार का ऐलान किया है। अल्मोड़ा के सांसद अजय टम्टा ने चंपावत जिला मुख्यालय से करीब 28 किमी दूर स्थित गोशनी गांव को गोद लिया था। जबकि टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह ने क्यारा गांव को गोद लिया था। दोनों ही गांव के ग्रामीणों ने बुनियादी सुविधाएं ना मिल पाने के कारण और सड़क ना बनने के कारण चुनाव बहिष्कार का ऐलान किया है।

## दहेज उत्पीड़न के तीन मामलों में ससुरालियों पर किया केस दर्ज

काशीपुर (उद संवाददाता)। दहेज उत्पीड़न के तीन अलग मामलों में पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कटोराताल पीलीकोठी के पास रहने वाली श्रीमती दिशा श्रीवास्तव पत्नी सुमित गोयल ने पति सुमित गोयल पुत्र स्व. कृष्ण अवतार गोयल, सास श्रीमति प्रमिला पत्नी कृष्ण अवतार गोयल निवासी आर्यनगर पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज करायी है। वहीं मोहल्ला बांसफोड़ान निवासी फरजाना पत्नी इसरार ने अपने पति इसरार पुत्र शराफत, सास नियाज बानो पत्नी शराफत, जेठ सरफराज जेठानी रानी, देवर इंतजार, नंनद रिजवाना, और शहजाद आदि के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित करने मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कराया है। वहीं मोहल्ला थाना साबिक निवासी शीबा पत्नी शाहनवाज उर्फ शानू ने पति शाहनवाज पुत्र नसरूद्दीन, देवर दिलनवाज, सास नफीस अहमद, ससुर नसरूद्दीन, बहनोई फुरकान, ननद शमशाद, रानो निवासीगण बेगम सराय अफजलगढ़ बिजनौर के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित करने की रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस ने तीनों मामलों की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## उत्तराखंड में 1365 क्रिटिकल बूथ और 809 संवेदनशील बूथ चिन्हित

देहरादून(उद संवाददाता)। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री विजय कुमार जोगदंडे ने शुक्रवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस ब्रीफिंग करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा क्रिटिकल और वल्नरबल बूथों के चिन्हीकरण के निर्देश दिये गये हैं। राज्य में 1365 क्रिटिकल बूथ और 809 संवेदनशील बूथ चिन्हित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि संवेदनशील बूथ की श्रेणी में ऐसे बूथ आते हैं, जिनमें पूर्व में निर्वाचन के दौरान कोई घटना हुई हो, जिसमें आपराधिक मामला शामिल हो। वहां पर कोई गंभीर घटना या अपराध घटित हुआ हो जिससे चुनाव बाधित हुआ हो। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा क्रिटिकल बूथ के भी मानक तय किये गये हैं। यदि किसी बूथ में गत निर्वाचन में 10 प्रतिशत से कम मतदान हुआ हो



उसे क्रिटिकल बूथ की श्रेणी में रखा गया है। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ऐसे बूथ जिनमें गत वर्ष 90 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है और उसमें से 75 प्रतिशत से अधिक मतदान किसी एक ही प्रत्याशी के पक्ष में हुआ हो, उसे भी क्रिटिकल बूथ की श्रेणी में चिन्हित किया जाता है। उन्होंने बताया कि यदि किसी बूथ पर मतदान के दिन औसत से अधिक लोगों ने एपिक के अलावा अन्य दस्तावेजों का प्रयोग किया है, तो उस बूथ को भी क्रिटिकल बूथ की श्रेणी में चिन्हित किया जाता है। क्रिटिकल व संवेदनशील बूथों के चिन्हीकरण सेक्टर ऑफिसर और सेक्टर पुलिस ऑफिसर के माध्यम से किया जाता है। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चिन्हित संवेदनशील बूथों में विशेष रूप से ध्यान रखने के लिए पुलिस बल और अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती की जाती है। क्रिटिकल बूथों पर माईक्रो आब्र्जवर की तैनाती, वेबकास्टिंग और वीडियोग्राफी की व्यवस्था, अतिरिक्त मतदान टीम की व्यवस्था की जाती है। उन्होंने कहा कि राज्य में सर्वाधिक क्रिटिकल बूथ हरिद्वार जनपद में 344, देहरादून जनपद में 278 और उधमसिंह नगर में 158 पाये गये हैं। सबसे अधिक संवेदनशील बूथ देहरादून में 243, उधमसिंह नगर में 229 और नैनीताल जनपद में 201 पाये गए हैं।

## बाईक सवार दिव्यांग व्यक्ति व उसकी पत्नी से नगदी तथा जेवर लूटे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा गुरुद्वारा में पाठ करने वाले बाईक सवार दिव्यांग व्यक्ति व उसकी पत्नी को एक बदमाश ने रोककर उनके पास से हजारों की नगदी तथा जेवर लूट लिए। पीड़ित ने एस एस पी कार्यालय में कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। जसवीर सिंह पुत्र चौन सिंह निवासी ग्राम सैजना थाना किच्छा का कहना है कि वह दिव्यांग व्यक्ति है तथा गुरूद्वारा किच्छा में पाठ करता है। 24 मार्च को वह अपनी पत्नी के साथ बाईक पर सवार होकर 50 हजार रूपये देने जा रहे थे। बिज्टी रोड में करघटा में एक व्यक्ति ने जबरन उसकी मोटर साईकिल को रोका और धक्का देकर गिरा दिया। आरोप है वह व्यक्ति जेब से 50 हजार रूपये व पत्नी के कान से सोने का कुण्डल छीन कर भाग गया। रिर्पोट दर्ज करवाने थाना सितारगंज में गया किन्तुकार्यवाही नहीं की गई।

## पीएम मोदी हरिद्वार में 11अप्रैल को करेंगे चुनावी जनसभा



देहरादून(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तराखंड की हरिद्वार लोकसभा सीट पर प्रचार करने के लिए अब 11 अप्रैल को आएंगे। उनकी चुनावी जनसभा हरिद्वार स्थित भल्ला इंटर कॉलेज में होगी। पीएम का कार्यक्रम तय होने के बाद पार्टी ने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 11 अप्रैल को होने वाली चुनावी सभाएं टाल दी हैं।योगी अब या तो 11 अप्रैल से

### सीएम योगी के कार्यक्रम में बदलाव

पहले उत्तराखंड आएंगे या इसके बाद की किसी तिथि पर प्रचार करेंगे। पार्टी के प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी ने पीएम की रैली तय होने की पुष्टि की है। बता दें कि पहले प्रधानमंत्री मोदी की 12 अप्रैल को जनसभा का कार्यक्रम बना था। वहीं योगी का 11 अप्रैल को रुड़की, श्रीनगर और किच्छा में चुनावी सभाएं करने का कार्यक्रम था। अब योगी के प्रचार कार्यक्रम में बदलाव किया जा रहा है। माना जा रहा है कि योगी या तो 10 अप्रैल को उत्तराखंड आ सकते हैं या फिर उनकी 13 या 14 अप्रैल को चुनावी सभाएं होंगी। वहीं भाजपा ने उत्तराखंड मे 'पीएम मोदी की दूसरी चुनावी रैली के तैयारियां शुरू कर दी है।

## राहुल गांधी ,प्रियंका समेत कई बड़े चेहरे उत्तराखण्ड में करेंगे चुनावी जनसभायें

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा एवं पड़ोसी प्रदेश हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू समेत राष्ट्रीय स्तर के 10 नेता आएंगे। पार्टी ने प्रदेश के लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी।पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह समेत उत्तराखंड से 30 नेता स्टार प्रचारक के रूप में मोर्चा संभालेंगे। इनमें पार्टी के सभी 18 विधायक भी सम्मिलित हैं। स्टार प्रचारकों की सूची में सलमान खुर्शीद समेत अल्पसंख्यक वर्गों के चार नेताओं को भी स्थान मिला है। उत्तराखंड की पांच लोकसभा सीट के लिए मतदान 19 अप्रैल को होना है। मतदान में एक पखवाड़े से कम समय बचा है। स्टार प्रचारकों की सूची जारी करने में पार्टी ने लंबा समय लिया। सूची में कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का नाम नहीं है। प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा, जितेंद्र सिंह, गुरदीप सिंह सप्पल, अखिल भारतीय



महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा एवं अमरिंदर सिंह राजा वारिंग के नाम केंद्रीय स्तर से आने वाले स्टार प्रचारकों में सम्मिलित हैं। सूची में प्रदेश के नेताओं को प्राथमिकता देते हुए अधिक स्थान दिया गया है। उपनेता प्रतिपक्ष भुवन चंद्र कापड़ी, राष्ट्रीय सचिव व मंगलौर के पूर्व विधायक काजी निजामुद्दीन, विधायक मयूख महर, तिलक राज बेहड़, ममता राकेश, पूर्व विधायक मनोज तिवारी, विधायक फुरकान अहमद को स्टार प्रचारक बनाया गया है।कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी नौ अप्रैल को अल्मोड़ा एवं हरिद्वार में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभाओं को संबोधित कर सकते हैं। इसी प्रकार प्रियंका गांधी वाड्रा 13 अप्रैल को गढ़वाल संसदीय क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी गणेश गोदियाल के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर सकती हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के इस प्रस्ताव पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के स्तर पर मंथन किया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष संगठन मथुरा दत्त जोशी ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रस्तावित किया गया है। इसे पार्टी हाईकमान से अनुमोदन मिलने की प्रतीक्षा है।

## मजदूरी मांगने पर श्रमिकों पर किया हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। खेतों में काम करने के बाद मजदूरी का पैसा मांगने पर ठेकेदार व उनके साथियों ने महिला पुरुष मजदूरों पर जानलेवा हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। शिकायत करने पर गदरपुर थाना पुलिस ने घायलों का अस्पताल में उपचार तो करवा दिया परंतु हमलावरों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की। आज सभी घायल न्याय के लिए एस एस पी कार्यालय पहुंचे। सौंपे शिकायती पत्र में मदन सिंह पुत्र मोहन सिंह, निवासी खेमपुर पलका चौड़, गदरपुर का कहना है कि उसका पुत्र कन्हई सिंह ठेकेदार के साथ



पल्लेदारी का काम करता है तथा उसके कहने पर गाँव की औरतों को मटर तोड़ने के लिए बुलाता था। आरोप ही ठेकेदार ने उसकी चार माह की दिहाड़ी, पुत्र की तीन माह की तथा उसकी पत्नी व पुत्री की भी तीन-तीन माह की दिहाड़ी रोक रखी थी तथा गाँव की अन्य महिलाओं की भी दिहाड़ी का भुगतान ठेकेदार द्वारा नहीं किया गया था। 1 अप्रैल को सुबह को गाँव की कुछ औरतें अपनी मजदूरी के पैसे माँगने ठेकेदार के घर गई थी। अपनी मजदूरी के पैसे माँगे तो ठेकेदार ने औरतों के साथ गाली-गलौज की तथा मजदूरी के पैसे देने से इनकार कर दिया तथा धमकी दी दोबारा यहाँ पैसा मौगने मत आना वरना बुरा हाल करूँगा। महिलाओं ने इस बात की शिकायत उससे की क्योंकि वह ही उक्त महिलाओं को मजदूरी हेतु बुलाता था तथा मजदूरी का भुगतान ठेकेदार का साथी पल्लेदार देता था। सभी महिलाओं व अपनी मजदूरी के संबंध में पल्लेदार के पास उसके घर गया तथा अपनी व उक्त सभी लोगों की मजदूरी के दिए जाने के संबंध मे बात की। पल्लेदार बोला किसी को कोई मजदूरी नहीं मिलेगी तथा उसे अपने घर से घसीटता हुआ सड़क पर आ गया। तभी पल्लेदार के परिजन हाथों में डण्डे व पंजे लेकर आ गए तथा लात-घूसों व डण्डों से मारा। जब उसे बचाने परिजन आए तो हमलावरों ने उन पर भी हमला कर घायल कर दिया। मदन सिंह का कहना है कि वह परिवार के साथ खून से लथपथ हालत में ही थाना गदरपुर पहुंचा। जहाँ पुलिस द्वारा सभी का उपचार कराया गया। घटना की शिकायत थाना गदरपुर में दी गई थी, किन्तु आज दिन तक कोई कार्यवाही नहीं हुई

# श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुन श्रद्धालु हुए मंत्रमुग्ध

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन कथा का रसपान करने के लिए बड़ी संख्या में भक्तगण उमड़े। कथा व्यास राजवीर शास्त्री जी महाराज ने वामन अवतार कथा का सार बताया। साथ ही श्री रामजन्मोत्सव, श्री रामकथा, श्री कृष्ण जन्मोत्सव का वर्णन भी किया गया। व्यासपीठ से श्री राजवीर शास्त्री जी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने से मनुष्य के कई जन्मों के पापों का क्षय हो जाता है। हमें भागवत कथा सुनने के साथ साथ उसकी शिक्षाओं पर भी अमल करना चाहिए। उन्होंने बताया कि वामन अवतार के रूप में भगवान विष्णु ने राजा बलि को यह शिक्षा दी कि दंभ और अंहकार से जीवन में कुछ भी हासिल नहीं होता और यह धन संपदा क्षण भंगुर होती है। इसलिए इस जीवन में परोपकार करों। उन्होंने बताया कि अहंकार, गर्व, घृणा और ईषर्या से मुक्त होने पर ही मनुष्य को ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है।वामन अवतार की कथा के सार के साथ मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जन्मोत्सव व श्रीरामकथा का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि श्री राम जी त्याग, आदर्श व कर्तव्यनिष्ठ थे। वे नम्र ,सरल व महान व्यक्तित्व के धनी थे।उनका जीवन से हमें हमेशा आदर्शों पर चलते हुए जीवन को महान बनाने की प्रेरणा देती है। अंत मे श्री कृष्ण जन्मोत्सव के दौरान मधुर संगीत व झांकी में हजारों की संख्या में भक्त झूमते नजर आए। इस मौके पर प्रेम निष्ठानंद जी महाराज जी पहुंची और माता हंसेश्वरी देवी जी ने चुनरी ओढ़ाकर उनका स्वागत किया. इस अवसर पर मेयर रामपाल, पार्षद आयुष तनेजा, सतनाम सिंह सुनीता अरोड़ा , महंत भजन प्रकाश अरोरा ,श्याम खुराना , सुभाष, जीतेश, राजेश, राजीव, लक्ष्य आदि लोगो की गरिमामय उपस्थिति थी




क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-

विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर

निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-

पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, शक्राणुओं की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग

असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुध्द आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।

DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970

DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग

मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)

होटल राजश्री के सामने, गली नं0 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

- 100 से 400 गज तक के प्लाट
- 100,160, 200 गज विला
- खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।


# टी 3 कैंप में दी गयी एनीमिया से बचाव की जानकारी

गदरपुर(उद संवाददाता)। एनीमिया मुक्त भारत अभियान एवं पोषण अभियान के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा अधिकारी उधम सिंह नगर डॉक्टर मनोज शर्मा के आदेशनुसार एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ संजीव सरना के निर्देशन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर की टीम द्वारा विशिष्ट समर्पित टी 3 कैंप- टेस्ट ट्रीट एंड टॉक अप्रोच के साथ राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धौलपुर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश शर्मा एवं आंगनवाड़ी सुपरवाइजर श्रीमती भारती साहू ने किया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम के प्रभारी डॉ प्रशांत चौहान ने बताया कि एनीमिया (रक्ताल्पता- खून की कमी) को दूर करने हेतु यह एक समर्पित कैंप है जिसमे की टी 3 अर्थात टेस्ट( डिजिटल हिमोग्लोबीनोमीटर द्वारा) ट्रीट (आयरन फोलिक एसिड टैबलेट एवं आयरन सिरप द्वारा) और टॉक (समुदाय में एनीमिया के कारण एवं उनसे बचने के उपाय के बारे में चर्चा करना) इस अभियान का हिस्सा है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की महिला चिकित्सक डॉ रेखा रानी द्वारा किशोर-किशोरियों, महिलाओं एवं बच्चों में होने वाली रक्त अल्पता के लक्षणों एवं



एनीमिया की कमी से नवजात बच्चों में होने वाली बीमारियों के बारे में चर्चा की गई एवं एनीमिया को दूर करने हेतु सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी दी गई । राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की महिला चिकित्सक श्रीमती कल्पना पांडे द्वारा किशोरियों में मासिक धर्म स्वच्छता एवं उनसे संबंधित भ्रांतियां के बारे में चर्चा की गई। श्रीमती राधा मिग्लानी आरकेएसके काउंसलर द्वारा एनीमिया से बचने हेतु अपने भोजन में प्रयोग किए जाने वाले फल साग -सब्जी आदि के बारे में बताया गया एवं उनके पोषण मुल्यो के बारे में बताया गया। नीरज बघेल, सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर (टीवी कार्यक्रम) द्वारा बच्चों को टीवी के लक्षणों के बारे में बताया गया एवं टीवी हेतु स्क्रीनिंग भी की गई । उपरोक्त कैंप में श्रीमती विमला रानी,सोनिया वैद्य (स्टाफ नर्स आरबीएसके) द्वारा बच्चों की हीमोग्लोबिन की जांच डिजिटल हीमोग्लोबीनोमीटर द्वारा की गई। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती गीता बनर्जी, शिखा सिकदर,आशा फैसिलिटी श्रीमती कृष्णा रानी एवं आशा बहने श्रीमती ममता मंडल, मीनाक्षी, तीर्थमणि द्वारा सहयोग किया गया। कार्यक्रम में योगेंद्र चंद्र उप्रेती, गोकुल भट्ट, श्रीमती ज्योति फुटेला, श्रीमती उर्मिला कंबोज अध्यापकजन एवं हंसिका, रिद्धि, कृतिका,मनजीत,अमन ,समरजीत,राकेश ,अभिजीत, मौसमी, रोशनी ,पार्वती ,लतिका आदि किशोर-किशोरिया एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। फार्मासिस्ट के एन जोशी द्वारा बताया गया कि उपरोक्त कैंप में वर्तमान तक 148 लोगों की एनीमिया की जांच की गई है एनीमिया के लक्षण वालों हेतु आयरन टेबलेट एवं टैबलेट एल्बेंडाजोल का वितरण किया गया है।

# हिंदुस्तान की तरक्की के लिए मस्जिदों में की गई विशेष दुआएं

गदरपुर(उदसंवाददात)। मुस्लिम समुदाय के लिए रमजान का महीना बेहद पाक और साफ माना जाता है रमजान के आखिरी जुमे को अलविदा जुम्मा कहा जाता है। गदरपुर सहित ग्रामीण क्षेत्र की सभी मस्जिदों में अलविदा जुमे की नमाज बड़ी ही शांति के साथ अदा की गई और मुल्क हिंदुस्तान की तरक्की, कामयाबी, और अमन शांति के लिए विशेष दुआएं की गई। समाजसेवी मो.इदरीश पाशा ठेकेदार ने जानकारी देते हुए बताया कि रमजान के खास महीने के आखिरी जुमे को अलविदा जुम्मा कहा जाता है इस बार 5 अप्रैल को अलविदा जुम्मा मनाया गया है वैसे तो रमजान में हर जुम्मे की अपनी अहमियत है लेकिन मुस्लिम समुदाय के लिए अलविदा जुम्मा एक अलग ही महत्व रखता है अलविदा जुम्मे को अरबी में (जमात उल विदा) भी कहा जाता है रमजान के महीने में मुसलमान पूरे 29 या 30 दिन तक रोजा रखते हैं यानी करीब चार हफ्ते रोजे की मुद्दत होती है इन चार हफ्तों में जो आखिरी जुम्मा होता है वही अलविदा जुमा कहलाता है मो.इदरीश पाशा ने और जानकारी देते हुए बताया कि अलविदा जुम्मा रमजान महीने के तीसरे अशरे (आखिरी 10 दिन) में पड़ता है इस्लामी तालीमत की व्याख्या के आधार कहे जाने वाली हदीस के मुताबिक रमजान का महीना वह पाक महीना होता है जिसमें हर नेकी और इबादत के बदले 70 गुना ज्यादा शबाब मिलता है मो.इदरीश पाशा ने समस्त देशवासियों को अलविदा जुमे की मुबारकबाद देते हुए बताया कि गदरपुर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र की मस्जिदों में भी आज अलविदा जुमे की नमाज अमन शांति के साथ अदा की गई है और मुल्क हिंदुस्तान की कामयाबी के लिए दुआएं की गई है।

# हरिनाम संकीर्तन से गुंजायमान हुई बंगाली कालोनी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी वार्ड 35 में श्रद्धालुओं द्वारा सार्वजनिक अखंड महानाम संकीर्तन महायज्ञ एवं विशाल भंडारे का आयोजन आज प्रातः प्रारंभ किया गया। जिससे संपूर्ण बंगाली कालोनी गुंजायमान हो गई। इससे पूर्व गत रात्रि 9 बजे से अधिवास एवं मृदंग पूजा की गई। आज प्रातः 6 बजे से महानाम संकीर्तन का शुभारंभ किया गया। इससे पूर्व प्राथमिक विद्यालय में स्थापित किए गए श्री तुलसी माता के पौधे से विधि विधान से महानाम ग्रहण कर आयोजन स्थल श्री दुर्गा मंदिर ससम्मान लाया गया। जिसके पश्चात आमंत्रित कीर्तन मंडलियों राधाकृष्ण सम्प्रदाय (रोबिन दा) दिनेशपुर, बीनापानी सम्प्रदाय (कालीदास) दिनेशपुर, श्री गुरू सम्प्रदाय (गुरूपदो) सुन्दरपुर, दादा भाई सम्प्रदाय (भंजन) शक्तिफार्म, हरि गोपाल सम्प्रदाय (लता) धर्म नगर तथा राधागोविन्द सम्प्रदाय (रिंकू) महाराष्ट्र द्वारा 9 अप्रैल दिन सोमवार को प्रातः 6 बजे तक निरंतर क्रमवार महानाम संकीर्तन किया जायेगा। 9 अप्रैल को प्रातः 6 बजे महानाम संकीर्तन को विश्राम देने के पश्चात ग्रहण किए गए महानाम को विधि विधान के साथ तुलसी माता पौध स्थल पर समर्पित किया जायेगा। आज प्रातः 11 बजे से प्रभु इच्छा तक भंडारा प्रसाद वितरित किया जा रहा है। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष विष्णु सरकार, सरोज राय, पवित्र राय, शंकर सरकार, अमित सरकार, गोविंद राय, रंजीत मंडल, संजय विश्वास, मुकेश मालाकार, संजय ढाली, विश्वजीत मजूमदार, समीर बाबली, संजय ढाली, गौरांग विश्वास, प्रदीप गोलदार, श्यामल राय, करन मदक, विश्वजीत भगत, कौशिक पाल, राजीव विश्वास, विक्रम राय, मनीष सरकार, असीम समद्दार, सुखदेव मंडल, जयदेव पाल, पवित्र शील, संजय विश्वास, श्यामली विश्वास, हेमलाल अधिकारी, संजय ढाली, सुजीत पाल, राजीव विश्वास, विक्रम राय, मनीष सरकार, असीम समद्दार, सुखदेव मंडल, जयदेव पाल, पवित्र शील, प्रियंका मंडल, हृदय मंडल, श्यामल राय, आशा सरकार, डा. ईश्वर मल्लिक, काशीनाथ हाजरा, गीता सरकार, दीपाली डे, सन्तोष सरकार, गणेश सरकार, उत्तम अधिकारी, देवजी जीदास सरकार, भानु विश्वास, जमुनारकार, पूर्णिमा मिस्त्री, सरो राय, शिखा मण्डल, अजन्ता मंडल, सुबल मंडल, पुलिन शील, सुमति गांगुली, आरजू दास, तारा गोलदार, गोविन्द सरकार, अमित सरकार, उषा मण्डल,



सुषमा राय, मुकेश मालाकार, आयना सरकार, पार्वती सेन, सुब्रत सरकार, विष्णु सरकार, दिपंकर साना, असीम सरकार, विभा विश्वास, माधुरी मण्डल, सुनीता साना, श्याम सरकार, तपन सरकार, मनी मंडल, सुप्रिया हालदार, शिपाली हालदार, मिथुन चक्रवर्ती, पुष्पा सरकार, कल्पना मदक, वकुल वर्मन, अंजली गोलदार, तपन विश्वास, रमेन मंडल, श्यामली सरकार, सुंदरी, कविता मंडल, देवदासी सरकार, सपन साना, विश्वजीत मजूमदार, गायत्री हालदार, मधु सरकार, सुनीता हालदार, सविता मजूमदार, आरती राय, भुवन राय, दुलाल बैरागी, शंकर सरकार, फटीक मजूमदार, काशीनाथ हाजरा, परेश मेहरा, भगीरथ पाल, कंकन विश्वास, खगोपति विश्वास, अशोक राय, बाबू दास, चंदना सरकार, माया बैरागी, ऊषा विश्वास, अमित सरकार, विवेक गुप्ता व मुकेश मालाकार सहित सैकडों श्रद्धालु मौजूद थे।

# लोकसभा चुनाव में भाजपा फिर लहराएगी परचम: अंजू

गदरपुर(उद संवाददाता)। लोक सभा चुनाव के अंतर्गत भाजपा नेतृत्व द्वारा तय शक्ति पथ सभा कार्यक्रम के अंतर्गत सरदार नगर शक्ति केंद्र में सभा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता पूर्व पालिका अध्यक्ष अंजू भुडडी ने कहा की 10 वर्षो के मोदी जी के कार्यकाल के दौरान विश्व में भारत का गौरव बड़ा है। साथ ही साथ उनके द्वारा देश व प्रदेश में कल्याणकारी योजनाओं से देश के नागरिकों का भला हुआ है। चाहे वह स्वास्थ्य संबंधी आयुष्मान कार्ड बैंक में खाता खुलने हो उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस सिलेंडर हो ऐसी दर्जनों योजनाओं से जनता का भला हुआ है।उन्होंने आने वाली 19 अप्रैल को भाजपा के पक्ष में वोट डालने की अपील की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशोक हुड़िया ने कहा कि यह भारत का स्वर्णिम काल चल रहा है । आगामी 19 अप्रैल को भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट को भारी बहुमत से जीतकर मोदी जी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाना है। कार्यक्रम संयोजक मनोज गिरी वह राजकुमार खेड़ा ने सभी ग्रामीणों का कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए धन्यवाद किया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान सिल्की खेड़ा भाजपा मंडल उपाध्यक्ष नवीन खेड़ा सागर गाबा मनोज गिरी सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



# भाजपा विकास कार्यों के नाम पर जनता से वोट मांगे ना कि माफी : प्रकाश जोशी




हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने कुसुमखेड़ा स्थित आवास पर चुनाव संचालन समिति की अलग अलग बैठकों के उपरांत चंबल पुल (लालडांठ रोड) पर चुनावी कार्यालय का शुभारंभ करने के उपरांत कांग्रेस कार्यकर्ताओ संग संवाद कर उनमे जोश का संचार किया और कांग्रेस के घोषणा-पत्र को घर-घर तक पहुँचाने का आह्वान किया। उन्होंने राजपुरा में स्थानीय लोगो से चुनावी चर्चा कर कांग्रेस की जनकल्याणकारी न्याय योजनाओं की जानकारी साझा की। सायंकाल मानपुर पश्चिम, रामपुर रोड और नारायण नगर कुसुमखेड़ा में जनसभा और नुक्कड़ सभा के माध्यम से जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी हार के डर से भयभीत है और जनता से माफी मांगते हुए मोदी के नाम पर वोट देने की अपील कर रहे है। श्री जोशी ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी ने अगर विकास कार्य किये हैं, तो वह उन विकास कार्यो के नाम पर जनता से वोट मांगे ना कि माफी। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि कांग्रेस विकास करना जानती है और हल्द्वानी का सर्वागीण विकास इसका जीवंत उदाहरण है। उन्होंने सभी से विकास के नाम पर कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान की अपील की। महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि नगर की जनता कांग्रेस के साथ है और कांग्रेस प्रत्याशी को अपना पूर्ण सहयोग और आशीर्वाद दे रही है। भाजपा प्रत्याशी अपने 5 वर्ष के कार्यकाल से आश्वस्त नही है इसलिए लोगो से नजरे चुरा रहे है और धरातल पर कही नजर नही आ रहे हैं।जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने कहा कि नैनीताल जिले में पहाड़ी क्षेत्रों के साथ-साथ सम्पूर्ण भावर क्षेत्र में कांग्रेस की लहर देखने को मिल रही है। कांग्रेस प्रत्याशी को सभी उम्र के मतदाताओं का साथ और आशीर्वाद मिल रहा है।इस दौरान प्रयाग दत्त भट्ट, दीपक बलुटिया, ललित जोशी, ब्लॉक अध्यक्ष हेम पांडे, मोहन बिष्ट, मुकुल बलुटिया, महेशानंद, लक्ष्मीकांत, मधु सांगूड़ी, शोभा बिष्ट, कमला सनवाल, डॉ गणेश उपाध्याय, एनबी गुणवंत, हेमन्त बगड़वाल, संजय किरौला, पार्षद राधा आर्य, डॉ मयंक भट्ट, गोविंद बगड़वाल, डॉ केदार पडलिया, कुंदन नेगी, भागीरथी बिष्ट, राधा चौधरी, लाल सिंह पवार, मन्नू गोस्वामी, संजय जोशी, हेमंत साहू, मीमांशा आर्य, गीता बहुगुणा, सविता गुरुरानी, सीमा भटनागर, अल्का आर्य, जूही चुफाल, वरुण भाकुनी, राजेन्द्र बिष्ट, विजय कुमार, विनोद कुमार, वीर सिंह बिष्ट, खीमानंद पांडेय, हरीश लाल, जगदीश भारती, कृष्ण राम, मंजू पांडेय, आरती पपौला, मंजू दानू, मंजू तिवारी आदि मौजूद रहे।

# चुनाव ड्यूटी पर तैनात कार्मिक मतदान केन्द्रों में डालेंगे वोट

## डाक मत पत्र अथवा चुनाव ड्यूटी प्रमाण पत्र के माध्यम से मिलेगी सुविधा

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। चुनाव ड्यूटी पर तैनात सभी कार्मिक जो उस स्थान पर मतदान नहीं कर सकते जहां मतदाता सूची में उनके नाम दर्ज हैं, उन्हें डाक मत पत्र अथवा चुनाव ड्यूटी प्रमाण-पत्र के माध्यम से यह सुविधा उपलब्ध की गई है। नोडल अधिकारी मतदान हिमांशु जोशी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार यदि किसी कर्मचारी की चुनाव ड्यूटी उसी चुनाव क्षेत्र में लगती है जहां का वह मतदाता है तो उसे चुनाव ड्यूटी प्रमाण-पत्र के माध्यम से यह सुविधा प्रदान की जाएगी। इस सुविधा के तहत वह चुनाव ड्यूटी प्रमाण-पत्र के माध्यम से उसी मतदान केन्द्र में मतदान कर सकेगा। जहां उसे ड्यूटी के लिए तैनात किया गया है। यदि किसी कर्मचारी की चुनाव ड्यूटी उस चुनाव क्षेत्र में लगती है जहां का वह मतदाता नहीं है तो उसे डाक मत पत्र के माध्यम से यह सुविधा प्रदान की गई है। उन्होंनें बताया कि जनपद की सभी विधान सभाओं के कार्मिक जो सेक्टर ऑफिसर, जोनल ऑफिसर, रिटर्निंग ऑफिसर, असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर, डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन ऑफिसर, डिप्टी इलेक्शन ऑफिसर, कंट्रोल रूम एवं चुनाव संबंधी कार्य में तैनात सभी कर्मचारी, सभी पुलिसकर्मी, होमगार्ड, चुनाव ड्यूटी में संलग्न सभी इस सुविधा के पात्र होंगे। यदि वे चुनाव ड्यूटी के कारण उस मतदान केन्द्र में मतदान नहीं कर सकते जहां मतदाता सूची में उनके नाम दर्ज हैं तो उन्हें चुनाव ड्यूटी प्रमाण-पत्र अथवा डाकमत पत्र बैलेट पेपर के माध्यम से वोट डालने हेतु प्रपत्र जमा किये गये ताकि चुनाव ड्यूटी में लगे कार्मिकां का शत-प्रतिशत मतदान हो सकें।

# मतदाता जागरूकता के लिए चलाया हस्ताक्षर अभियान



रूद्रपुर(उद संवाददाता)।जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार (नोडल अधिकारी स्वीप) के निर्देशन में शहरी मतदाता तथा आम जनमानस को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु रूद्रपुर स्थित बस अड्डे पर मतदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वीप टीम द्वारा सभी कर्मचारियों को मतदान की शपथ दिलाई गई तथा सिगनेचर कैम्पेन भी चलाया गया। सहायक महाप्रबंधक के0एस0 राणा द्वारा सभी से 19 अप्रैल को मतदान करने की अपील करी गई। तथा आम जनता को भी मत के महत्व के संबंध में जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में सहायक नोडल स्वीप अमन अनिरूद्ध, व्यौमा जैन, स्वीप टीम के अन्य सदस्य पिकेंश रावत, पारस आदि व सजीआईएस विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

# एनडीआरएफ की मानव श्रृखला बनाकर मतदान के लिए जागरूक किया




रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह व मुख्य विकास अधिकारी/नोडल स्वीप मनीष कुमार के दिशा-निर्देशन में स्वीप टीम द्वारा 15वीं बटालियन एनडीआरएफ गदरपुर में मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। जहां जवानों द्वारा 15 एनडीआरएफ की मानव श्रृखला बनाकर मतदान के प्रति अपना कर्तव्य प्रदर्शित किया तथा सभी को वोटर हैल्पलाईन 1950 के सम्बन्ध में भी जानकारी दी गयी। सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।सेनानायक सुदेश कुमार द्वारा सबकों मतदान शपथ दिलाते हुए सभी जवानों का लोकतंत्र में अहम भूमिका होना बताया। इस अवसर पर सहायक नोडल स्वीप व्योमा जैन, अमन अनिरूद्ध, जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी उमाशंकर नेगी, स्वीप टीम के पिंकेश आदि उपस्थित थे।

# बीस सूत्रीय कार्यक्रम में जनपद को दूसरा स्थान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नियोजन विभाग, अर्थ एवं संख्या निदेशालय (बीस सूत्री कार्यक्रम एवं क्रियान्वयन अधिष्ठान), उत्तराखण्ड, देहरादून द्वारा बीस सूत्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत माह फरवरी, 2024 की राज्य के समस्त जनपदों की प्रगति रैंकिंग प्रकाशित की गयी है, जिसमें जनपद ऊधमसिंह नगर द्वारा 92.83 प्रतिशत की प्रगति कर सम्पूर्ण राज्य में द्वितीय स्थान एवं कुमाऊँ मण्डल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी उदयराज सिंह के निर्देशन में राज्य में बीस सूत्रीय कार्यक्रम में जनपद ऊधमसिंह नगर मण्डल में प्रथम व राज्य में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि कुल रैंकिंग मद 32 है जिसमे जनपद द्वारा 27 मदों में "ए" श्रेणी व 3 मदों में "बी" श्रेणी में तथा 2 मदों में "सी" श्रेणी प्राप्त की गई है। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को बधाई दी।

# धूमधाम से मनाई माँ कर्मा देवी की जयंती

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा उत्तराखंड द्वारा शिरोमणि भक्त माँ कर्मा देवी जी की जयंती विधि विधान पूजा अर्चना कर खिचड़ी का भोग लगाया गया। उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष ललित राठौर एवं मुख्य वक्ता दयानाथ गुप्ता ने माँ कर्मा जी की जीवन लीलाओं पर प्रकाश डाला और कहा कि हर घर में माता कर्मा जी की फोटो जरूर लगाए ताकि नई पीढ़ी को माँ कर्मा जी के बारे में पता चल सके। इस अवसर पर नुक्ता प्रसाद राठौर, छेदा लाल राठौर, लालू कुमार गुप्ता, डॉ अजय गुप्ता, शेर सिंह राठौर, नरेंद्र राठौर, विरज विहारी गुप्ता, ईश्वरी प्रसाद राठौर आदि ने कर्मा जी को पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना की और खिचड़ी का भोग लगाया उपस्थित तेली समाज से माँ कर्मा पिक्चर प्रत्येक को परिवार सहित देखने की अपील भी की गई।




# मतदाता जागरूकता के लिए निकाला मशाल जुलूस

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। स्वीप के तत्वाधान में आगामी लोकसभा चुनाव में 75 प्रतिशत मतदान के लक्ष्य के साथ मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से मशाल जलूस का आयोजन का आयोजन किया गया।जिसमें पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारियों के साथ पुलिस, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान , एनएसएस स्वयंसेवी स्वीप टीम के सदस्य सम्मलित थे। जलूस से पूर्व एसएसपी प्रह्लाद मीणा ने सभी को मतदाता शपथ कराई तदुपरांत नोडल अधिकारी स्वीप सीडीओ अशोक कुमार पांडेय, मुख्य नगर अधिकारी विशाल शर्मा , सिटी मजिस्ट्रेट ए०पी वाजपई पुलिस अधीक्षक प्रकाश चंद्र के नेतृत्व में कोतवाली से तिकोनिया तक मशाल जलूस निकाला गया। जलूस में वोट करेगा नैनीताल , एवं विभिन्न मतदाता जागरूकता पोस्टर बैनर लिए प्रतिभागी मतदान की अपील के साथ आगे बढ़ रहे थे। जलूस में जिला समाज कल्याण दीपांकर घिल्डियाल, जिला स्वीप समन्वयक सुरेश अधिकारी, ललित मोहन पांडे ,प्रदीप उपाध्याय, गौरी शंकर कांडपाल,ब्लॉक् स्वीप समन्वयक डॉ सुरेश भट्ट, मोनिका चौधरी, कोतवाल उमेश मालिक, विभिन्न थानों के थाना प्रभारी और समाज सेवी उपस्थित रहे।




# नेत्रदान कर अमर हो गई सुरजीत कौर

गदरपुर (उद संवाददाता)। हरचरण सिंह सेतिया की धर्म पत्नी एवं अजय सेतिया एवं नितिन सेतिया की माता जी श्रीमती सुरजीत सेतिया का स्वर्गवास हो गया था।



उनकी इच्छानुसार पुत्रों ने नेत्रदान हेतु नगर की नेत्रदानी संस्था सोचो डिफरेंट संस्था संपर्क कर सी एल गुप्ता आई बैंक के माध्यम से नेत्रदान करवाए गए। श्रीमती सुरजीत कौर के इस दुनिया से जाने के बाद नेत्रदान से किन्ही दो लोगों के जीवन में रोशनी आएगी। इस महान पुनीत कार्य के लिए अनेजा परिवार को नगर के विभिन्न संगठनों जिनमे व्यापार मंडल गदरपुर,सोचो डिफरेंट संस्था,भारत विकास परिषद,पंजाबी महासभा,आदती एसोसिएशन ,लोहा व्यापार मंडल,जय भवानी मंडल,संत निरंकारी मंडल आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की एवम उपस्थित सर्व समाज के लोगों ने सेतिया परिवार के समर्पण की सराहना की।

# घातक रोग क्रॉनिक पैंक्रियटाईटिस की आयुर्वेदिक दवा को मिला पेटेंट

## पद्मश्री वैद्य बालेन्दु प्रकाश ने वर्ष 2014 में किया था आवेदन

गदरपुर(उद संवाददाता)। पद्मश्री से अलंकृत, भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ के आर नारायणन के मानद चिकित्सक और हाल में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग



के मानको के आधार पर प्रोफेसर की पदवी से उपाधित वैद्य बालेन्दु प्रकाश को घातक और जानलेवा रोग क्रानिक पैंक्रियटाईटिस की सफल चिकित्सा में ताँबा पारद गंधक के योग को आयुर्वेद के रस शास्त्र में वर्णित गंधक जारणा के सिद्धांतों के अनुसार एक नये रूप में पेश करने के लिए भारत सरकार ने बीस वर्षों के लिए पेटेंट से नवाजा है। वर्तमान में क्रानिक पैंक्रियटाईटिस का कोई इलाज नहीं है और इससे पीड़ित रोगी ताउम्र समय समय पर इमरजेंसी इलाज के लिए अस्पतालों के चक्कर काटते रहते है और उनका खान पान में सख्त परहेज से रहना पड़ता है। इसके बावजूद इस बीमारी से अकाल मृत्यु की संभावना बनी रहती है। ज्यादातर युवाओं में होने वाली इस बीमारी के रोगियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है और इनमें बीस प्रतिशत को काल क्रम में पैंक्रियास का कैंसर हो जाता है। सत्तर के दशक में मेरठ निवासी स्वर्गीय वैद्य चंद्र प्रकाश द्वारा पहली बार उपरोक्त फार्मूला विकसित कर उसका लाभ पैंक्रियास के रोगों में स्थापित किया गया था। उनके पुत्र वैद्य बालेन्दु ने समयानुसार उस फार्मूला का देश के उत्तम अनुसंधान केंद्रों के सहयोग से संशोधन और विकास किया और पैंक्रियटाईटिस रोग से पीड़ित रोगियों की चिकित्सा के लिए पहले देहरादून और फिर रूद्रपुर में आयुर्वेदिक विशिष्ठ चिकित्सा केंद्र की स्थापना कर देश एवं विदेशी के कोने कोने से आने वाले लगभग 2000 रोगियों की चिकित्सा की जा रही है। आयुर्वेद स्वास्थ्य प्रणाली में एक वैद्य को अच्छी औषधि निर्माण विधि से निर्मित औषधियों के साथ-साथ, लिपीबध तरीके से किसी भी असाध्य रोग के इलाज को प्रमाणित करना भी जरूरी है। यह उपलब्धि आयुर्वेद जगत में एक नवाचार है। संस्थान, एकल प्रयोग और विज्ञान के समागम से यह पेटेंट आयुर्वेद की किसी औषधि को पहली बार दिया गया है। इस पेटेंट से वैज्ञानिक समुदाय का आयुर्वेद के रस शास्त्र के दोहन के प्रति रुझान बढ़ेगा और इसके समग्र विकास से मानवता को कई लाइलाज रोगियों की चिकित्सा मिल सकेगी। इसके साथ औषध विज्ञान के क्षेत्र में भारत अग्रणी भूमिका निभा सकेगा। **पेटेंट का महत्व** : पेटेंट एक अधिकार है जो किसी व्यक्ति या संस्था को किसी बिल्कुल नई सेवा, तकनीकी, प्रक्रिया, उत्पाद या डिजाइन के लिए प्रदान किया जाता है, ताकि कोई उनकी नकल नहीं तैयार कर सके। दूसरे शब्दों में पेटेंट एक ऐसा कानूनी अधिकार है, जिसके मिलने के बाद यदि कोई व्यक्ति या संस्था किसी उत्पाद को खोजती या बनाती है तो उस उत्पाद को बनाने का एकाधिकार प्राप्त कर लेती है।

# पीठासीन व मतदान अधिकारियों को दिया ईवीएम का व्यवहारिक प्रशिक्षण

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निर्बाध ,सुचारू संपादन हेतु शुक्रवार को जसपुर, काशीपुर विधानसभा के पीठासीन व मतदान अधिकारियों को दितीय प्रशिक्षण पंतनगर विश्वविद्यालय के गॉधी हॉल में दिया गया। मास्टर ट्रेनरों द्वारा दो पालियों में सैद्धान्तिक एवं ईवीएम का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रथम दिवस दो पालियों में कुल-1730 पीठासीन मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सम्पन्न कराने के लिए सभी कार्मिक सौंपे गए कार्यो एंव दायित्वों का बखूबी निर्वहन करना सुनिश्चित करेगें। उन्होंने कहा कि सभी मतदान कार्मिक तटस्थ होकर कार्य करेंगे तथा मतदान पार्टियां अपने ही बूथ पर ही रात्रि विश्राम करेंगे इसकी जिम्मेदारी पीठासीन अधिकारी की होगी व किसी का अथित्य स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही गलती क्षम्य नही होगी। उन्होने कहा कि मतदान से पूर्व मॉकपोल अनिवार्य रूप से करायेगें तथा निर्धारित समय प्रात: 7 बजे से मतदान प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करेगें। उन्होने कहा कि प्रत्येक दो घण्टे में मतदान सूचना कन्ट्रोल रूम को देना सुनिश्चित करेगें। उन्होने कहा कि पीठासीन अधिकारी अपनी डायरी का अच्छी तरह अध्ययन कर ले साथ ही ईवीएम संचालन में दक्ष हो ले ताकि मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होने कहा जो भी शंकाए है उनका सामाधान प्रशिक्षण के दौरान ही कर लें। उन्होंने सभी प्रशिक्षकों को निर्देश दिये कि वे सभी पीठासीन व मतदान अधिकारियों से ईवीएम दक्षता का प्रमाण पत्र अवश्य ले। उन्होने कहा कि मतदेय स्थल के भीतर मोबाईल पूर्णत: प्रतिबन्ध होगा तथा प्रत्याशियों के टेबल बूथ से 200 मीटर परिधि के बाहर लगाई जायेगी। उन्होने पीठासीन व मतदान अधिकारियों को निर्देश दिये कि मतदान सामाग्री का सूची से मिलान अवश्य करेगें ताकि मतदान दिवस पर किसी सामाग्री की कमी न हो। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ने कहा निर्वाचन आयोग का उद्देश्य शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व पारदर्शी मतदान कराना है। इसमें पीठासीन की भूमिका अहम है, इसलिए मतदान कार्मिक सैद्धान्तिक के साथ ही ईवीएम का गहनता से प्रशिक्षण लें, ताकि मतदान दिवस पर किसी प्रकार की परेशानी न आये। उन्होने कहा कि बूथों पर पूरी सुरक्षा व्यवस्था दी गयी है मतदान पार्टियां बिना सुरक्षा बल के कही नही जायेगें तथा ईवीएम को कतई नही छोड़ेगे व पूरी टीम रात्रि विश्राम अपने बूथ पर ही करना सुनिश्चित करेगें।मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि आचार संहिता लगते हुए हम सभी आयोग के अधीन हो जाते है, तटस्थ होकर निर्वाचन कार्य पारदर्शिता से संपन्न कराना हमारा दायित्व हैं। मतदान कर्मी टीम भावना से समन्वय बनाकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी अभिकर्ताओं की मौजूदगी में मतदान से पूर्व मॉक पोल कराना अनिवार्य है। पीठासीन अधिकारी हस्तपुस्तिका का भलीभांति अध्ययन कर लें। मतदान बूथ में पीठासीन अधिकारी अनुशासन बनाये रखे, शालीनता से व्यवहार करें, ताकि शांतिपूर्ण, निर्वाध मतदान संपन्न हो सकें। नोडल अधिकारी प्रशिक्षण नरेश दुर्गापाल, मास्टर ट्रेनरों ने सैद्धान्तिक प्रशिक्षण में बारीकियों को समझाते हुए ईवीएम प्रशिक्षण के दौरान मतदान कार्मिक को विभिन्न प्रपत्र भरने, ईवीएम को ऑन व ऑफ करने व सील करने के साथ ही बीयू, सीयू तथा वीवीपैट को संयोजित करने, खोलने और सील करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए हैंड्स ऑन प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही मास्टर ट्रेनरों ने मतदान हेतु सामग्री प्राप्त के तरीके, मतदान से पूर्व बूथ पर की जाने वाली कार्यवाही, मतदान शुरू करने, मतदान समाप्ति सहित सम्पूर्ण मतदान प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। सामान्य प्रेक्षक गगनदीप सिंह बरार भी प्रशिक्षण में मौजूद रहे व ईवीएम हैण्डस्आन प्रशिक्षण का जायजा लिया। प्रशिक्षण में स्थल पर मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में एनआरएलएम महिला स्वंय सहायता समूह रूद्रा स्वायत्व सहकारिता समिति नारायणपुर कोठा, रूद्रपुर की महिलाओं द्वारा खानपान, लस्सी का स्टांल लगाया गया, स्टांल पर अच्छी विक्री हुई। प्रशिक्षण में नोडल पुलिस चन्द्रशेखर घोड़के, नोडल ईवीएम टीएस मर्तोलिया, सहायक निर्वाचन अधिकारी मनीष बिष्ट, अभय प्रताप सिंह, गौरव चटवाल, परियोजना निदेशक अजय सिंह, नोडल खानपान श्याम आर्य, सहायक नोडल कार्मिक केएस रावत, नोडल इवीसी विवेक राय, सहायक नोडल सुभाष गुप्ता सहित पीठासीन व मतदान अधिकारी उपस्थित।







# एमिनिटी अकादमी और डीपीएस ने किया सेमीफाइनल में प्रवेश

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के तत्वाधान में जिले में चल रही अंडर-19 जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच मौर्य क्रिकेट अकादमी गदरपुर और डीपीएस क्रिकेट अकादमी रुद्रपुर के मध्य एमिनिटी स्कूल ग्राउंड पर खेला गया। डीपीएस क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों के खेल में 5 विकेट खोकर 316 रन बनाए। जिसमें ऋतिक शुक्ला ने 86 विराज सागर ने 56 ,अभिनव बघेल ने 45 और उज्जवल गुप्ता ने 49 रनों का योगदान अपनी टीम को दिया। मौर्य अकादमी की तरफ से मुकेश कुमार और रितेश कुमार ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मौर्य क्रिकेट अकादमी 190 रनों पर ऑल आउट हो गई। जिसमें प्रिंस कर ने 45, अभिजीत गंगवार ने 26, चेतन सिंह ने 35 रनो का योगदान दिया। डीपीएस अकादमी की तरफ से सुभांश यादव ने 4 मनोज कुमार, नैतिक और आदर्श ने एक-एक विकेट लिया। यह मैच डीपीएस अकादमी ने 126 रनों से जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मैच के मैन ऑफ द मैच ऋतिक शुक्ला रहे ।मैच के अंपायर राघवेंद्र पवार और अभिषेक गिरी ऑनलाइन स्कोरिंग सुभद्रा दास द्वारा की गई। वही एमिनिटी स्पोर्ट्स ग्राउंड पर तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच एमिनिटी मदन लाल क्रिकेट अकादमी और एमके स्क्वेयर अकैडमी काशीपुर के मध्य खेला गया। एमिनिटी मदनलाल क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरो के खेल में 3 विकेट खोकर 338 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जिसमें शहान रावत ने शतकीय पारी खेलते हुए 102 रन और मृत्युंजय ठाकुर ने शतकीय पारी खेलते हुए 110 रनों का स्कोर बनाया। वरदान कंबोज ने 66 और आदित्य राज ने 35 रनों का योगदान अपनी टीम को दिया। एमके स्क्वायर की तरफ से कपिल रावत ,कृष्ण गर्ग और आशुतोष ने एक-एक विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमके स्क्वायर काशीपुर की पूरी टीम 50 ओवरों में 8 विकेट खोकर 207 रन बना सके। जिसमें कप्तान यश यादव ने 55 कपिल रावत ने 50 और कृष्ण गर्ग ने 38 रनों का योगदान अपनी टीम को दिया। एमिनिटी की तरफ से काव्य जोशी ने 3, मृत्युंजय पांडे ने 2 और हिमांशु बसेरा ने 1 विकेट लिया। एमेनिटी मदनलाल क्रिकेट अकादमी ने यह मैच 131 रनो से जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।शानदार बल्लेबाजी के लिए मृत्युंजय ठाकुर को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। इस मैच के अंपायर शैलेंद्र शर्मा और मोहित ऑनलाइन स्कोरिंग मोहम्मद आमिर द्वारा की गई। इस अवसर पर बलवंत सिंह इंद्रनील कर, सुनील यादव, आफताब आलम गौरव तिवारी मौजूद रहे।





# पांचो लोकसभा की सीटें जीतेगी भाजपा: आशा

गदरपुर(उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने भी चुनाव प्रचार में गति पकड़ ली है। इसी के तहत भाजपा महिला मोर्चे की प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल ने गदरपुर में कार्यकर्ताओं से भेंट की और उन्हें चुनाव में पूरी मेहनत जुटने का आहवान किया। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पूनम ग्रोवर के निवास पर वार्ता करते हुए प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा आशा नौटियाल ने कहा



कि प्रदेश एवं केंद्र की भाजपा सरकार में प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों की वजह से महिलाओं का सम्मान देश में बढ़ा है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला आरक्षण सहित महिलाओं के उत्थान के लिए अनेकों योजनाएं प्रारंभ की हैं। जिससे महिलाओं का सम्मान पूरे देश में बढ़ा है आने वाले लोकसभा चुनाव में नारी शक्ति का पूरा आशीर्वाद भाजपा के साथ रहेगा और उत्तराखंड में लोकसभा की पांचो सीटें भारतीय जनता पार्टी की झोली में जाएंगीं। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कुलबीरी चौधरी,पूनम ग्रोवर,जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा उमा जोशी सहित अनेकों महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# धर्मगुरु आचार्य प्रमोद कृष्णन ने कांग्रेस को बताया राम विरोधी

रामनगर (उद संवाददाता)। शुक्रवार को धर्मगुरु आचार्य प्रमोद कृष्णन रामनगर के पूर्व ब्लाक प्रमुख संजय नेगी के आवास पहुंचे जहां संजय नेगी सहित उनके समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया तो वही कांग्रेस की वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी के सलाहकार रहे तथा कांग्रेस से निष्कासित धर्मगुरु आचार्य प्रमोद कृष्णन ने कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि आज देश में कोई चुनाव नहीं है पूरा देश मोदी के साथ है। उन्होंने कहा कि देश में जो चुनाव हो रहा है उसमें विपक्ष में ना नेता है ना नीति है और ना ही नियत है जिसका फायदा पूरी तरह भाजपा को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड ही नहीं बल्कि पूरा देश राम मय हो रहा है उन्होंने कहा कि जो राम के साथ है वह पार हो जाता है और जो राम से विमुख होता है वह डूब जाता है उन्होंने कहा कि कांग्रेस महात्मा गांधी के मार्ग से हटकर अब बाम पंथ के मार्ग पर जा रही है । उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, सुभाष चंद्र बोस, मौलाना आजाद कि कांग्रेस देशभक्त और राष्ट्रभक्त थी उन्होंने कहा कि आज की जो कांग्रेस है वह भारत के टुकड़े होने वालों के साथ खड़ी है उन्होंने कहा कि जो महात्मा गांधी की कांग्रेस थी वह राम राज्य का सपना देखती थी आज की कांग्रेस राम से नफरत करती है यही कांग्रेस के पतन का मुख्य कारण है उन्होंने भाजपा में शामिल होने पर कहा कि मैं भाजपा को ज्वाइन नहीं किया है मैंने मोदी को ज्वाइन किया है।



# भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने किया अपोलो फार्मेसी का शुभारम्भ

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मुख्य बाजार में नये प्रतिष्ठान अपोलो फार्मेसी का भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने विधिवत फीता काटकर शुभारम्भ किया।उन्होंने प्रतिष्ठान स्वामी अशोक छाबड़ा को नये प्रतिष्ठान के शुभारम्भ पर बधाई दी।इस अवसर पर विकास शर्मा ने कहा कि अपोलो फार्मेसी जैसे प्रतिष्ठान की जरूरत लम्बे समय से महसूस की जा रही थी।यह प्रतिष्ठान 24 घंटे मरीजों को दवाईयां उपलब्ध कराने के लिए खोला गया है। चोबीस घंटे खुलने वालों दवाईयों का यह पहला प्रतिष्ठान है। इससे मरीजों को लाभ मिलेगा। श्री शर्मा ने कहा कि कई बार आधी रात में मरीजों को दवाईयां नहीं मिलने से दिक्कतें होती थी, अब इस नये प्रतिष्ठान के खुलने से ऐसी दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। प्रतिष्ठान स्वामी अशोक छाबड़ा ने कहा कि यह प्रतिष्ठान 365 दिन चौबीस घंटे खुला रहेगा। यहां पर मरीजों को वाजिब मूल्य पर दवाईयां उपलब्ध कराई जायेगी। इस अवसर पर पूर्व मेयर रामपाल सिंह, अंकित छाबड़ा,डा.संजय शाही, डा. सीडी ठुकराल, सतीश हुड़िया, प्रीतम अरोरा, व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री मनोज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप राव, राहुल गुप्ता, सुभाष संदीप मिश्रा रवि सिंह आदि सहित तमाम लोग मौजूद थे।



उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## चुनावी प्रचार और योजनायें

लोकसभा चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा के साथ ही सभी राजनीतिक पार्टियां अपने-अपने समीकरणों के साथ प्रचार अभियान में लग चुकी हैं। रैलियों और भाषणों में अनेक मुद्दों पर बात की जाती है, लेकिन किसी पार्टी का रुख इस बात से आंका जाता है कि चुनाव में जनता को अपने पक्ष में मत देने के लिए घोषणा पत्र में वह क्या वादे करती है।इस क्रम में शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी ने अपना घोषणा पत्र जारी किया, जिसे 'न्यायपत्र 2024' का नाम दिया गया है। इसमें कांग्रेस ने जनता से वादा किया है कि वह सत्ता में आने पर अलग-अलग सामाजिक वर्गों की स्थिति में सुधार के लिए नई योजनाएं लाएगी। मसलन, उसने अपने घोषणापत्र की पच्चीस गारंटियों को ठोस बताया है। हर गरीब महिला को हर वर्ष एक लाख रुपए, किसानों को कर्जमाफी के साथ न्यूनतम समर्थन मूल्य कानून, मनरेगा में कम से कम मजदूरी चार सौ रुपए की गारंटी के अलावा सामाजिक-आर्थिक समानता के लिए जाति आधारित जनगणना कराने जैसे कई वादे किए गए हैं। इसमें एक तरह से भाजपा की ओर से जारी एक नारे 'मोदी की गारंटी' का जवाब देने की कोशिश है कि अगर मतदाता केंद्र में कांग्रेस को सरकार बनाने का मौका देते हैं, तो वह अपने घोषणापत्र में दर्ज जनता के कल्याण कार्यक्रमों को 'गारंटी' के स्तर पर लागू करेगी। यह छिपा नहीं है कि चुनाव आने पर राजनीतिक पार्टियों और उनके नेताओं की ओर से कितने बड़े-बड़े और कैसे वादे किए जाते हैं। पिछले कुछ समय से तो लोगों को कोई सामान, उपहार या सुविधा मुफ्त में मुहैया कराने के वादे करके वोट मांगने का चलन हावी होता दिख रहा है। सवाल है कि आखिर ऐसा क्या हो जाता है कि किन्हीं हालात में अगर उन्हें सरकार बनाने का मौका मिल जाता है तो उसके बाद वे या तो उन वादों को भूल जाते हैं या फिर उन्हें पूरा करने को लेकर वे अपनी कोई जिम्मेदारी नहीं समझते। जबकि जनता आमतौर पर राजनीतिक दलों और उनके नेताओं की ओर से अपने भाषणों में दिए गए भरोसे, घोषणापत्र में दर्ज वादों के आधार पर किसी पार्टी को अपना समर्थन देकर सत्ता में पहुंचाती है और उसके बाद अपने लिए किसी कल्याण कार्यक्रम का इंतजार करती रह जाती है। अव्वल तो जनता को ऐसे वादों के प्रति जवाब मांगने का मौका नहीं मिल पाता, क्योंकि चुने जाने के बाद बहुत कम जनप्रतिनिधि जनता के बीच अपनी मौजूदगी बनाए रखते हैं। दूसरे, अगले चुनाव तक फिर से राजनीतिक दलों के वादों का एक नया संजाल खड़ा हो चुका होता है। वादे करके उसे पूरा नहीं करने को लेकर सवाल भी उठते रहे हैं। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने काफी पहले चुनाव लड़ने वाले दलों और उम्मीदवारों के बीच समान अवसर सुनिश्चित करने और चुनाव प्रक्रिया की शुचिता खराब न होने देने के लिए निर्वाचन आयोग को निर्देश जारी करने को कह चुका है। निर्वाचन आयोग ने भी यह स्पष्ट कर रखा है कि राजनीतिक दलों को ऐसे वादे करने से बचना चाहिए, जिनसे चुनाव प्रक्रिया की शुचिता प्रभावित हो या मतदाताओं पर उनके मताधिकार का प्रयोग करने में अनुचित प्रभाव पड़ने की संभावना हो। ऐसे में स्वाभाविक ही यह सवाल उठता है कि इस आम चुनाव के मद्देनजर अपने-अपने घोषणा पत्रों में किए गए वादों को पूरा करने को लेकर कांग्रेस या अन्य सभी पार्टियां कितनी गंभीर और जिम्मेदार होंगी।

# हरदा के चुटीले बयान से कांग्रेस बेचैन

## भाजपा ने हरीश रावत के बयान का वीडियो फेसबुक पेज पर किया शेयर
## बीजेपी कर रही धुंआधर चुनाव प्रचार, कांग्रेस हो गई है सुस्त और आलसी

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड की हरिद्वार लोकसभा सीट से अपने पुत्र और कांग्रेस प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह रावत के चुनावी प्रचार अभियान में जुटे पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत एक बार फिर चर्चाओं में छाये हुए हैं। उन्होंने



अपनी ही पार्टी के सुस्त और आलसी कार्यकर्ताओं को जगाने के लिए बेहद सनसनीखेज बयान दिया है जिससे सियासी गलियारों में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। सोशल मीडिया पर पूर्व सीएम एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत का मीडिया से बातचीत करते एक बयान का वीडियो खूब वायरल हो रहा है। वहीं भाजपा ने भी हरीश रावत के इस बयान का वीडियो अपने फेसबुक पेज पर शेयर भी किया जिसमें भाजपा ने हरदा के बयान को लेकर कहा किआखिरकार अब कांग्रेस ने भी पूरे देश में भाजपा की लहर को स्वीकार कर लिया है। हांलाकि कांग्रेस के दिग्गज नेता का चुटीला बयान कांग्रेस के सुस्त कार्यकताओं में जोश भरने के लिए तुरूप का इक्का साबित हो सकता है। हरीश रावत का कहना है कि जब सत्ताधारी दल बीजेपी सत्ता में होने के बावजूद दिन रात चुनाव प्रचार में जुटे हुए है तो फिर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और नेताओं को भी गांव गाव जाकर प्रचार करना होगा। हांलाकि उत्तराखंड में कांग्रेस के कई नेताओं ने चुनाव से पहले भाजपा में ज्वाइनिंग कर कांग्रेस के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। अब कांग्रेस के दिग्गजों को चुनावी प्रचार में उतरकर कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने की जरूरत है। उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव 2024 में हर मामले में बीजेपी से काफी पिछड़ी कांग्रेस पर तमाम राजनीतिक दिग्गज सवाल उठा रहे हैं। कांग्रेस को आलसी बताया जा रहा है। इसी बीच अब उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने एक बयान दिया है जिसमें उन्होंने आलसी को सच्चाई को माना है। हरीश रावत का बयान इस वक्त चर्चा का विषय बना हुआ है जिससे पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ही खुद असहज नजर आ रहे हैं। तमाम पार्टियां लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी हुई है। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत भी अपने बेटे वीरेंद्र रावत के प्रचार-प्रसार में व्यस्त हैं। इसी बीच प्रचार के दौरान हरीश रावत ने ऐसा बयान दिया है जिससे भाजपा को कांग्रेस की टांग खींचने का मौका मिल गया है। दरअसल पूर्व मुख्यमंत्री का कहना है कि कांग्रेस सुस्त और आलसी हो गई है और साथ आए गठबंधन के लोग उनको जगा रहे हैं। कह रहे हैं उठो, जागो, लड़ो और जीतो। हरदा के इस बयान के बाद से कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा असहज नजर आ रहे हैं। हरीश रावत के इस बयान पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा की उनकी टिप्पणी पर मैं टिप्पणी नहीं करना चाहता। मेरा कार्यकर्ता लगातार पिछले दो सालों से रोज काम कर रहा है। किस संदर्भ में हरीश रावत ने ये बयान दिया है ये मेरी जानकारी में नहीं है इसीलिए बेहतर है की उन्हीं से इस संदर्भ में सवाल किया जाए। प्रदेश उपाध्यक्ष मथुरा दत्त जोशी ने हरीश रावत के बयान को लेकर कहा हरीश रावत कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में से एक है और उनकी बात का संज्ञान लिया जाएगा। हम देखने का प्रयास करेंगे कि कहां पर हमारा कार्यकर्ता सुस्त है। जहां भी हमें ऐसा लगेगा वहां-वहां हम अपने कार्यकर्ताओं को जगाने का काम करेंगे। भारतीय जनता पार्टी हरीश रावत के इस बयान पर चुटकी लेती नजर आ रही है। भाजपा मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने कहा कि हरीश रावत कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं और उनको पार्टी का अनुभव है। उन्होंने कांग्रेस के सुस्त होने पर जो बयान दिया है वो सत्य है। उन्होंने कहा आज कांग्रेस पार्टी में कोई रहना नही चाहता। चौहान ने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरभ वल्लभ का उदाहरण देते हुए कहा की कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने भाजपा ज्वाइन की और कहा की मैं सनातन को गाली नहीं दे सकता। इसी तरीके से कांग्रेस में भी जो अच्छे लोग हैं वो बीजेपी के और प्रधानमंत्री के विचारों से प्रेरित होकर भाजपा में आ रहे हैं।

## आंगन से सात साल की बच्ची को उठाकर ले गया गुलदार

श्रीनगर। उत्तराखंड के श्रीनगर में घर के आंगन में घात लगाकर बैठा गुलदार सात वर्षीय बच्ची को उठाकर ले गया। बच्ची घर से करीब 100 मीटर की दूरी पर घायल अवस्था में मिली। गंभीर हालत में उसे बेस अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।निवर्तमान सभासद विभोर बहुगुणा ने बताया कि श्रीकोट के गंगनाली के बेस अस्पताल कालोनी के समीप सोनी कुमार परिवार समेत कच्चा मकान बनाकर रहता है। परिवार में चार बच्चे और पत्नी हैं। शुक्रवार देर शाम उनकी बेटी सिया बाथरूम करने घर के समीप बने टॉयलेट में गईइसी दौरान टॉयलेट के पीछे गुलदार घात लगाकर बैठा हुआ था और सिया के बाथरूम से बाहर निकलते ही हमला कर दिया। वह उसे अपने पंजों में दबाकर जंगल की तरफ भाग निकला। भनक लगने पर परिजनों ने हल्ला मचाना शुरू कर दिया।जिस पर मौके पर पहुंचे लोगों ने इसकी सूचना पुलिस और वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों की तरफ से बच्ची की खोजबीन शुरू की। घर से कुछ दूरी पर बच्ची के कपड़े बरामद हुए। काफी तलाश के एक घंटे बाद करीब घर से कुछ दूर बच्ची बेसुध हालत में मिली। उसके गले समेत शरीर के अन्य स्थानों पर गुलदार के पंजों के निशान हैं। गंभीर हालत में उसे बेस अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां उसका उपचार करवाया जा रहा है। वनक्षेत्राधिकारी ललित मोहन नेगी ने बताया कि उन्हें घटना की सूचना है।

## गगन शक्ति हवाई सैन्य अभ्यास के लिए चिन्यालीसौड़ पहुंचे दो एमआई-17 हेलीकॉप्टर

चिन्यालीसौड़। उत्तरकाशी में चिन्यालीसौड़ हवाई अड्डे पर वायुसेना गगन शक्ति हवाई सैन्य अभ्यास के लिए दो एमआई-17 हेलीकॉप्टरों ने लैंडिंग की है। अभियान के लिए सात पायलट सहित वायुसेना के 20 अधिकारियों व कार्मिकों की टीम भी पहुंच गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह टीम शनिवार से यहां रात-दिन का अभ्यास शुरू करेगी। इससे पहले यहां वर्ष 2018 में भी गगन शक्ति अभ्यास के तहत अपाचे हेलीकॉप्टरों ने लैंडिंग की थी। वर्तमान में वायुसेना की ओर से राजस्थान के पोखरण से देश की पश्चिमी और उत्तरी सीमा पर दस दिनी गगन शक्ति अभ्यास शुरू किया गया है। जिसमें वायुसेना के लड़ाकू विमान और हेलीकॉप्टर रात-दिन अभ्यास कर रहे हैं।सी के तहत शुक्रवार को करीब साढ़े ग्यारह बजे गोरखपुर एयरबेस से एयरफोर्स की टीम यहां पहुंच गई। यह टीम यहां रात्रि अभ्यास के लिए ग्राउंड लाइटिंग और कम्युनिकेशन का आवश्यक साजो-सामान लेकर आई है। टीम ने शुक्रवार शाम तक यहां सेटअप तैयार कर लिया। बता दें कि एयर ट्रैफिक कंट्रोल से जुड़ी वायुसेना की कम्युनिकेशन टीम चार से पांच दिन पहले ही यहां पहुंच गई थी। जिनकी सुरक्षा के लिए सेना के जवान तैनात हैं। स्थानीय प्रशासन की ओर से यहां एयर ट्रैफिक फ्यूल टैंकर, अग्निशमन जवानों की टीम और एंबुलेंस टीम तैनात की गई है।



## पुलिस चौकी में खड़े वाहनों में भड़की आग

ऋषिकेश(उद संवाददाता)। कोतवाली ऋषिकेश क्षेत्र के अंतर्गत आईडीपीएल पुलिस चौकी कैंपस में खड़े पुराने वाहनों में शनिवार की सुबह अचानक आग लग गई। आग ने तेजी के साथ यहां खड़े पांच वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। तत्काल फायर ब्रिगेड की टीम को बुलाया गया। कैंपस में और भी वाहन खड़े थे जिन्हें बचा लिया गया। आईडीपीएल पुलिस चौकी कैंपस में विभिन्न दुर्घटनाओं और अपराध



में प्रयुक्त वाहनों को पकड़ने के बाद खड़ा किया जाता है। सड़क किनारे चौकी कैंपस में यह सभी वहां खड़े हैं। वाहनों की संख्या काफी अधिक है। शनिवार की सुबह करीब 8:30 बजे कैंपस में खड़े वाहनों में अचानक आग की लपटे उठने लगी। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने अधिकारियों को इसकी सूचना दी। फायर ब्रिगेड की टीम को बुला लिया गया। तब तक पांच वाहनों में आग लग चुकी थी। किसी तरह से आग पर काबू पाया गया। अन्य गाड़ियों को बचा लिया गया। चौकी प्रभारी ज्योति प्रसाद उनियाल ने बताया कि कैंपस में पुराने वाहनों को खड़ा किया गया है। पांच पुरानी कारें आग से क्षतिग्रस्त हुई हैं। आग किन कारणों से लगी इसकी जांच की जा रही है।

## उत्तराखंड में 17 अप्रैल से 19 अप्रैल तक शराब की दुकानें बंद रहेगी

देहरादून। उत्तराखंड में 19 अप्रैल को मतदान होना है। ऐसे में कानून व्यवस्था बनाने के लिए राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदान से 48 घंटे से पहले से लेकर मतदान समाप्त होने की अवधि तक शराब की दुकानों को बंद रखने के निर्देश दिए हैं। यह भी स्पष्ट किया गया है कि इस अवधि में वाणिज्यिक व निजी संस्थान व भवन में शराब व मादक पदार्थ की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी। प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत मतदान दिवस से 48 घंटे पहले व मतदान समाप्ति तक, यानी 17 अप्रैल से 19 अप्रैल शराब की दुकानें बंद रहेगी। मतगणना के दिन यानी चार जून को भी शराब की दुकानें बंद रहेंगी। इस अवधि में किसी भी होटल, रेस्टोरेंट, बार, दुकान आदि में भी शराब या अन्य मादक पदार्थ की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी। प्रदेश में 19 अप्रैल को मतदान होना है। ऐसे में कानून व्यवस्था बनाने के लिए राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदान से 48 घंटे से पहले से लेकर मतदान समाप्त होने की अवधि तक शराब की दुकानों को बंद रखने के निर्देश दिए हैं। यह भी स्पष्ट किया गया है कि इस अवधि में वाणिज्यिक व निजी संस्थान व भवन में शराब व मादक पदार्थ की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी।

## न्यू लाइट स्कूल के पांच बच्चों ने लखनऊ में जीते कांस्य पदक

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। लखनऊ के इंडोर स्टेडियम में दो दिवसीय आयोजित हुई राष्ट्रीय जू-जित्सू प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए न्यू लाइट स्कूल श्री नानकमत्ता साहिब उधम सिंह नगर उत्तराखंड के पांच खिलाड़ियों ने प्रतिभा किया, जिसमें विक्रम नेगी ने 16 आयु -48 भर में कांस्य पदक जुजुत्सु फाइटिंग सिस्टम में एवं हरमंदीप कौर 16 आयु में -48 भर में कांस्य पदक जुजुत्सु फाइटिंग सिस्टम में एवं गुरप्रीत कौर 14 आयु में -48 भर में कांस्य पदक जुजुत्सु फाइटिंग सिस्टम में एवं अनुष्का राणा ने 14 आयु मे -36 भार मे कांस्य पदक जुजुत्सु फाइटिंग सिस्टम में अजीत किया कुल चार पदक जीते। एवं गुरबक्श सिंह ने प्रतिभाग किया एवं



श्री नानकमत्ता साहिब क्षेत्र का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों की इन बड़ी उपलब्धि पर जुजुत्सु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष श्री विनय कुमार जोशी जी, जनरल सेक्रेटरी श्री अमित अरोरा जी ने व विद्यालय प्रबंधक श्री मलूक सिंह खिंडा जी,प्रधानाचार्य डॉ बलजीत कौर ,प्रशिक्षक किशन सिंह चौहान जी, एवं संपूर्ण अध्यापक स्टाफ एवं क्षेत्र के सभी गणमान्य लोगों ने खिलाड़ियों को बधाइयां दी एवं उनके उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी। किया, जिसमें विक्रम नेगी ने 16 आयु -48 भर में कांस्य पदक जुजुत्सु फाइटिंग सिस्टम में एवं हरमंदीप कौर 16 आयु में -48 भर में कांस्य पदक जुजुत्सु फाइटिंग सिस्टम में एवं गुरप्रीत कौर 14 आयु में -48 भर में कांस्य पदक जुजुत्सु फाइटिंग सिस्टम में एवं अनुष्का राणा ने 14 आयु मे -36 भार मे कांस्य पदक जुजुत्सु फाइटिंग सिस्टम में कुल चार पदक जीते। गुरबक्श सिंह ने प्रतिभाग किया एवं श्री नानकमत्ता साहिब क्षेत्र का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों की इन बड़ी उपलब्धि पर जुजुत्सु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष विनय कुमार जोशी जी, जनरल सेक्रेटरी, अमित अरोरा प्रबंधक मलूक सिंह खिंडा,प्रधानाचार्य डॉ बलजीत कौर ,प्रशिक्षक किशन सिंह चौहान, एवं संपूर्ण अध्यापक स्टाफ ने खिलाड़ियों को बधाइयां दी एवं उनके उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी।

## ऋषि महर्षि कश्यप की जयंती पर भंडारा आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ऋषि महर्षि कश्यप की जयंती के शुभ अवसर पर बरेली रोड में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के बड़ी संख्या में लोगों उपस्थित रहे जिसमें अध्यक्ष महेंद्र कश्यप, अशोक, शंकर कश्यप, नरेश कश्यप, ओम शंकर कश्यप, श्याम कश्यप, हरे राम कश्यप, धर्मपाल कश्यप, रोहित कश्यप, रामप्रसाद कश्यप, जानकी प्रसाद कश्यप, लालाराम कश्यप, नत्थू लाल कश्यप, सोनू कश्यप,



किशोरी लाल कश्यप, हर प्रसाद कश्यप, हितेश कश्यप, मोहित कश्यप, अमित कश्यप सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। सभी ने महर्षि ऋषि कश्यप जी जयंती पर उनके चित्र पर फूल अर्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया।







# कार्मिकों ने पोस्टल बैलेट से किया मतदान

## मतदान पीठासीन अधिकारी का प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय का प्रशिक्षण सम्पन्न

हल्द्वानी। नैनीताल जिले के 761 कार्मिकों को ईडीसी जारी की गई और 129 कार्मिकों ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया। नोडल अधिकारी पोस्टल बैलेट विपिन पंत ने बताया कि आज 761कार्मिकों को इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट जारी किए गए। इसके साथ ही विधान सभा रामनगर के 129 कार्मिकों ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया। विधान सभा हल्द्वानी में 94, नैनीताल में 232, लालकुआं में 59, भीमताल में 60 और कालाढुंगी में 316 कार्मिकों को ईडीसी जारी की गई है। गौरतलब है की कल विधान सभा रामनगर के 91 कार्मिकों ने पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान किया था। वहीं कल विधानसभा लालकुआं के 55, कालाढूंगी के 194, भीमताल के 101, नैनीताल के 102, हल्द्वानी के 143 और कालाढूंगी के 205 कार्मिकों को ई डी डी जारी की गई। इसके माध्यम से सारे कार्मिक 19 अप्रैल को मतदान कर सकेंगे। प्रशिक्षण केंद्र सुशीला तिवारी मेडिकल कॉलेज और ओपन यूनिवर्सिटी में कार्मिकों को ईडीसी जारी की गई है। वहीं शुक्रवार को विधानसभा भीमताल एवं हल्द्वानी मतदान /पीठासीन अधिकारी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ । उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय सभागार में भीमताल विधान सभा के प्रथम पाली में 348 तथा द्वितीय पाली में 348 कार्मिकों के साथ ही 38 जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेटों को प्रशिक्षण दिया गया। मेडिकल कालेज सभागार में विधान सभा हल्द्वानी के प्रथम पाली में 532 तथा द्वितीय पाली में 404 कार्मिकों के साथ ही 23 जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेटों को प्रशिक्षण दिया गया। इस असवर पर सामान्य प्रेक्षक गगनदीप सिंह बरार ने मुक्त विश्ववद्यिलय में प्रशिक्षण में पहुचकर निरीक्षण किया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों द्वारा विधान सभा भीमताल व हल्द्वानी के मतदान /पीठासीन अधिकारी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय को ईवीएम एवं वीवीपैट की तकनीकी जानकारियों के साथ ही शंकाओं को भी दूर किया गया साथ ही प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारी के अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया गया।नोडल अधिकारी मतदान/मतगणना हिमांशु जोशी ने बताया कि मुक्त विश्वविद्यालय में प्रशिक्षण के दौरान सभी कार्मिकों के डाक मत पत्र व चुनाव ड्यूटी प्रमाण-पत्र जमा किये गये ताकि निर्वाचन में लगे सभी कार्मिक अपने मताधिकार का प्रयोग शतप्रतिशत कर सकें। इस अवसर पर सभी कार्मिकों को ईवीएम,वीवीपैट का प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी पीआर चौहान, के साथ ही समस्त विधान सभाओं के सहायक रिटर्निंग आफीसर एवं कार्मिकों के साथ ही मास्टर ट्रेनर एचबी चन्द्र, पूरन तिवारी,आरती जैन, दीप्ति गुणवंत द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

# कार्मिकों को मैन्यू के अनुसार भोजन दिया जाए : डीएम

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। एमबीपीजी कालेज में बने निर्वाचन कार्यालय में कार्मिकों हेतु की गई विभिन्न व्यवस्थाओं का जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया तथा खाने की गुणवत्ता को लेकर लगातार आ रही शिकायतों पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन कार्य में लगे कार्मिकों को मैन्यू के अनुसार भोजन दिया जाए तथा भोजन की गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को प्रतिदिन मानिटरिंग करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मैस में साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए। धूल मिट्टी से बचाव हेतु पानी का छिड़काव किया जाए, उन्होनें प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिये कि निर्वाचन कार्य में लगे सैकडों कर्मचारियों के लिए बेहतर गुणवत्ता खाना हो। इसके लिए अधिकारियो का रोस्टर तय करते हुए प्रतिदिन सक्षम प्रशासनिक अधिकारी स्वयं कार्मिकों के साथ भोजन करें ताकि भोजन की गुणवत्ता की नियमित मानिटरिंग हो सके। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने एमबीपीजी कालेज के कक्ष संख्या-26 (इग्नू स्टेडी सेंटर) मे मीडिया सेंटर बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मीडिया सेंटर में मीडिया कार्मिको हेतु एलईडी टीवी, वाईफाई, कम्प्यूटर आदि व्यवस्थायें सुनिश्चित की जांए। निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी मीडिया/ नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी पीआर चौहान, सहायक रिटर्निंग आफिसर पारितोष वर्मा, तहसीलदार सचिन कुमारआदि उपस्थित थे।





# मातृ जयंती पर मरीजों को बांटे फल

सितारगंज। जगत जननी श्री माता जी की पावन जयंती पर आश्रम मानव धर्म मंदिर मे पूजा अर्चना, सत्संग का आयोजन किया गया। इस दौरान सरकारी अस्पताल मे मरीजों को फल वितरित किये गये। खटीमा रोड स्थित मानव धर्म



मंदिर आश्रम में श्री माता जी की जयंती मनाई गई। भक्तों ने श्री माता जी के बताए मार्ग पर आजीवन चलने की प्रेणा ली। इस अवसर पर महा नगीना बाई जी, हेमंती बाई मौके पर चिकित्सा अधिकारी डॉ अभिलाषा पांडे, दिगंबर सती,विष्णु जिंदल,मधुर अग्रवाल, रुक्मणी, राहुल , विमला, रमेश गुप्ता, राजरानी जिंदल आदि प्रेमी मौजूद थे।

# शराब के साथ दो गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पंतनगर थाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान दो नशा तस्करों को अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार आगामी लोक सभा चुनाव के दृष्टिगत एसएसपी के निर्देश पर आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय व्यक्तियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए क्षेत्राधिकारी पंतनगर के दिशा निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक थाना पंतनगर के नेतृत्व में थाना पुलिस द्वारा फूलबाग बैरियर के पास बिरजू कुमार पुत्र राजकुमार निवासी एन ब्लाक को 90पाउच अवैध कच्ची शराब के साथ व सुरेंद्र को हल्दी रेलवे स्टेशन तिराहा के पास से 93 पाउच अवैध शराब खाम के साथ गिरफ्तार किया गया।



# बुजुर्ग-दिव्यांगों के लिए घर से मतदान शुरू

देहरादून। उत्तराखंड के 12 हजार 892 बुजुर्ग और दिव्यांग इस बार लोकसभा चुनाव में घर से मतदान कर रहे हैं। इस मतदान की पारदर्शिता को लेकर चुनाव आयोग का दावा है कि पूरी वीडियोग्राफी के साथ पोलिंग पार्टियां मतदान करा रही हैं।प्रदेश में कुल 65,160 वृद्ध मतदाता हैं, जिनकी आयु 85 साल से अधिक है। वृद्ध मतदाताओं को पोस्टल बैलेट के माध्यम से घर से ही वोट करने की सुविधा का निर्णय चुनाव आयोग ने लिया था। इसके लिए प्रदेशभर से अभी तक 9,993 वृद्ध मतदाताओं के आवेदन मिले हैं। इन सभी वृद्ध मतदाताओं को घर पर ही पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। राज्य में 80,335 दिव्यांग मतदाता चिह्नत हैं, जिनमें से 2899 ने घर से वोट करने के लिए आवेदन किया है। इस चुनाव की पारदर्शिता को लेकर चुनाव आयोग का कहना है कि उनकी पूरी टीम घर पर वोट डलवाने जा रही है। इस मतदान की पूरी वीडियोग्राफी भी की जा रही है। सभी एआरओ के माध्यम से इन मतदाताओं तक पहुंचने के लिए रूट प्लान तैयार किया गया है। वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं के लिए घर पर जाकर मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आठ से दस अप्रैल तक प्रथम चरण का मतदान करने का निर्णय लिया गया था। कुछ जिलों ने अपनी सुविधा के अनुरूप परिवर्तन करने के लिए छूट दी थी।



# अटरिया ढाल से बाईक चोरी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। अज्ञात वाहन चोरों ने गत दिनों ट्रांजिट कैम्प अटरिया ढाल में होटल के आगे खड़ी मोटर साईकिल चोरी कर ली। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में भूरारानी शांति विहार कालोनी निवासी मूल निवासी ग्राम खुजेरा मुजफ्फरनगर प्रवीन कुमार पुत्र सुभाष ने कहा है कि गत 2 अप्रैल की सायं वह अपनी मोटरसाईकिल संख्या यूके 06 एएस 0179 पर सवार होकर ट्रांजिट कैम्प अटरिया ढाल में एक होटल में गया था। मोटर साईकिल होटल के बाहर लॉक लगाकर खड़ी कर दी। कुछ देर बाद जब वह होटल से बाहर आया तो उसकी मोटरसाईकिल वहां पर मौजूद नही थी। काफी खोजबीन के बाद भी बाईक का कोई पता नहीं चल पाया। पुलिस ने रपट दर्ज का कार्रवाई शुरू कर दी है।

# तमंचा कारतूस सहित शातिर दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक शातिर व्यक्ति को तमंचा कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार उनि विजय सिंह, कानि. महेश राम व विरेन्द्र सिंह के साथ क्षेत्र मे गश्त कर रहे थे इसी दौरान वह मुखबिर की सूचना पर फ्लाई ओवर के नीचे पहुंचे जहां एक युवक संदिग्ध रूप से घूमता दिखाई दिया। संदेह होने पर टीम ने घेराबंदी कर उसे मौके पर ही दबोंच लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता संजय सिंह उर्फ मोनू पुत्र स्व. प्रेमपाल सिंह निवासी इन्द्रा कालोनी गली नम्बर 6 बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। आवश्यक पूछताछ करने के बाद पुलिस ने तमंचा कारतूस कब्जें में लेकर संजय को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।




## पेज एक का शेष...

**बाबा तरसेम सिंह को ...**पुलिस बल हर गतिविधियों पर नजर रखे हुये थे। श्रद्धांजलि देने के लिए पूर्व सासंद बलराज पासी, विधायक अरविंद पांडे, पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा , निवर्तमान चौयरमेन प्रेम सिंह टुंरना ,खटीमा ब्लाक प्रमुख सुखदेव सिंह नामधारी ,पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा , कारसेवा के सेवादार दारा सिंह , दिलबाग सिंह, निरवैर सिंह संधु सुखवंत सिंह भुल्लर, रणजीत सिंह भी पहुंचे। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी दोपहर कारसेवा बाबा तरसेम सिंह को श्रद्धांजलि देने पहुंचेंगे। पुलिस प्रशासन ने सीएम के आने की सूचना के बाद सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए है। चप्पे चप्पे पर पुलिस की तैनाती की गई है।

**हाईकोर्ट के आदेश ...**रजामंदी के खिलाफ विवाह रचाया था। रवि रस्तोगी ने युवती के परिजनों से अपनी और अपनी पत्नी की जान को खतरा बताते हुये उच्च न्यायालय में एक रिट डालते हुये सुरक्षा की गुहार लगाई थी। उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीश पंकज पुरोहित और न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी ने मामले का संज्ञान लेते हुये किच्छा कोतवाल को उक्त दोनों को सुरक्षा प्रदान करते हुये मामले की सुनवाई के लिये आगामी 12 अप्रैल की तिथि निश्चित की थी। उच्च न्यायालय का आर्डर लेकर रवि रस्तोगी अपनी पत्नी, बहन राधा रस्तोगी और मॉ सीमा चौहान के साथ किच्छा कोतवाली पहुंचा तो वहां मौजूद महिला एसआई ने उच्च न्यायालय के आर्डर की कॉपी को फैंक कर उक्त जनों से अभद्रता शुरू कर दी। रवि रस्तोगी द्वारा जब उसे उच्च न्यायालय का आर्डर बताते हुये पुन: उसके हाथ में कापी दी तो गुस्साई महिला एसआई ने उसे फाड़ दिया। रवि रस्तोगी का आरोप है कि इस दौरान उक्त महिला एसआई ने उसके व उसकी बहन, मॉ के साथ मारपीट भी की गई।

**दुकान मे भड़की..**कांड की इस घटना मे दुकान में रखा लाखों रूपये कीमत का सारा सामान जलकर राख हो गया है। घटना के दौरान आस पड़ोस की दुकानों को भी सुरक्षा की दृष्टि से खाली करवा लिया गया था। जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। काम्पलैक्स में करीब एक दर्जन दुकानें हैं।

**उत्तराखंड को ..**कुछ असामाजिक सोशल मीडिया में बाबा को बदनाम कर घिनोना काम कर रहें है। जिसका वह कड़ा विरोध करते है। इस मौके पर निरवैर सिंह संधू, मेहर सिंह, लखवंत सिंह, गुरविन्द्र सिंह गिल आदि मौजूद थे।

**चोरी के सामान..**निवासी वार्ड 15 पहाड़गंज बताया । तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अदद नाजायज चाकू बरामद हुआ। सख्ती से पूछताछ की गई तो मुज्जमिल ने बताया कि वह कबाड़ का काम करता है। कबाड़ में चोरी आदि का माल खरीदकर बेचने पर अच्छा मुनाफा हो जाता है इसी लालच में वह चोरी का माल खरीद लेता है। ज्यादातर छोटे छोटे बच्चों और नशेड़ियों से चोरी का माल खरीदता है। कुछ दिन पहले मोदी मैदान में आयोजित चुनावी सभा में लगी फ्लैक्सी के एंगिल खरीदे थे। उसे पता था कि ये चोरी के है पर लालचवश खरीद लिये । अपना रौब गांठने के लिये यह चाकू हमेशा अपने पास रखता है। कबाड़ी मुज्जमिल को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध एसआई नवीन बुधानी की ओर से मुकदमा दर्ज किया गया है।

**कामना सागर में हजारों...**दिल्ली, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा सहित कई अन्य राज्यों से पहुंचे उनके अनुयायिओं आज मंदिर परिसर में स्थित कामना सागर मे आस्था की डुबकी लगाकर महावारुणी स्नान में हिस्सा लिया।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# सरकारी गोदामों में चावल की आपूर्ति नहीं होने से कर्ज में डूबे राइस मिलर्स



सितारगंज (उद संवाददाता)। राज्य के राइस मिलर्स ने आगामी धान खरीद नीति के अनुरूप सरकारी योजना में चावल आदि की सहभागिता देने से इंकार कर दिया है। राइस मिलर्स का आरोप है कि पिछली धान खरीद नीति के तहत 67 फीसद चावल सरकारी गोदामों में उतरने के लिए तैयार है। लेकिन चावल सरकारी गोदामों में नही उतरने से मिलर्स धान बिलों का भुगतान नहीं कर पा रहे है। इस कारण उनकी बैंक लिमिट पर अत्यधिक ब्याज, बिजली बिलों का भार एवम जीएसटी से आर्थिक नुकसान हो रहा है। उन्होंने समस्याओं के निदान की मांग की है। राइस मिलर एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष पीडी अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री नरेश कंसल, कोषाध्यक्ष पंकज बांगा, उपाध्यक्ष रमेश गर्ग, उमेश अग्रवाल, ईश्वर बंसल, संजय अग्रवाल, श्याम अग्रवाल आदि ने कुमाऊं के संभागीय खाद्य निरीक्षक से मुलाकात की। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2023 24 में सरकारी धान खरीद योजना के अनुसार की गई थी। जिसका 67 फीसद के अनुसार चावल सरकारी गोदाम में उतरने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि सरकारी गोदाम में चावल नही उतरने से मिलर्स धान के बिलों का भुगतान नहीं कर पा रहे है। जिस कारण मिलर्स पर बैंक लिमिट पर काफी ब्याज, बिजली बिलों, जीएसटी आदि में अत्यधिक आर्थिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि कच्चा आढ़तियों ने 1000 करोड़ का चावल शासन को दिया है। लेकिन 170 करोड़ का ही भुगतान हो सका है। इसके अलावा कच्चा आरती होने वर्ष 2022-23 में सरकारी धान खरीद योजना के अंतर्गत विभिन्न तरह के मंडी शुल्क, विकास सेस आदि दिया था। लेकिन कच्चा आढ़तियों को मानक के अनुरूप कम 2 फीसद ही मंडी शुल्क दिया गया है। कच्चा आढ़तियों को अभी तक विकास सेस का भुगतान नहीं किया गया है। इसके अलावा वर्ष 2022-23 में राइस मिलर्स के लगभग 60 स्ट्रेक यानि चट्टे फेल हो गए थे। जिनकी जांच कराने पर चट्टे पास हो गए। लेकिन धान का भुगतान 40 करोड़ राइस मिलर्स को नहीं किया गया। राज्य राइस मिलर्स ने संभागीय खाद्य निरीक्षक को आगामी धान खरीद में सहभागिता देने से इनकार कर दिया है। राइस मिलर्स एसोसिएशन ने अन्य राज्यों की तर्ज पर धान खरीद में सहभागिता देने पर सहमति दी है।

हरियाणा पंजाब की तर्ज पर धान खरीद नीति लागू होने पर आगामी सत्र में राइस मिलर्स सहभागिता देंगे। पूर्व में ही इसलिए अवगत कराया जा रहा है। राज्य की धान खरीद नीति के कारण राज्य मिलर्स कर्ज में डूबकर आर्थिक रूप से दुखी है। सरकारी गोदामों में चावल नहीं उतर रहा है। करोड़ों रुपए के लंबित भुगतान नहीं होने से मिलर्स की बैंक लिमिट पर आर्थिक ब्याज, बिजली बिलों, जीएसटी आदि का अतिरिक्त भार पड़ रहा है।

**-नरेश कंसल, प्रदेश महामंत्री राइस मिलर्स एसोसिएशन उत्तराखंड**

# भाजपा को देश ने नकार दिया है: बेहड़



किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने अपने लोकसभा चुनाव के चुनाव प्रचार के दौरान 10 ग्रामों में नुक्कड़ सभाए की व ग्रामवावासियों को कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर प्रत्याशी प्रकाश जोशी को जिताने की अपील की । बेहड़ ने नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश परिवर्तन मांग रहा है प्रधानमंत्री जी की रुद्रपुर में रैली असफल रही है वो समय चला गया है जब भाजपा मोदी जी के नाम पर भीड़ एकत्रित करती थी,जनता ने भाजपा को नकार दिया है कांग्रेस प्रत्याशी। प्रकाश जोशी जी सांसद बनते है तो विधायक निधि के साथ साथ सांसद निधि से काम कराना भी मेरी जिम्मेदारी है । विधायक बेहड़ प्रातः काल से अपनी विधानसभा के गाँवों में नुक्कड़ सभाओं को सम्भोधित करते है आज तीसरे दिन उन्होंहे ग्राम भंगा,सुतईया, पुलभट्टा, दोपहरिया, पन्तपुरा, अंजनिया ,पटेरी, पुरानी गिद्पुरी, गिद्पुरी, वीरू नगला में नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से ग्रामवासियों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील की व गांववासियों की समस्याओं को सुना। इस मौके पर कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी,सरवर यार खान,मेजर सिंह, विनोदपन्त, गुलशन सिन्धी,डॉ त्रिमल गंगवार, ओमप्रकाश गंगवार, उदयवीर, विपिन शर्मा,गुरचरण सिंह ,प्रतिभा रघुवंशी,धर्मेन्द्र सिन्धी,जाहिद खान,गुलाम मुस्तफा, महेंद्र सिंह, गुरदेव सिंह,सतनाम सिंह,रजत गंगवार,निशान सिंह,जस्सी देओल, पंकज गंगवार, भानु, इमरान अह्मद,झागन लाल सक्सेना,शहीद सलमानी,अली अहमद, पप्पू सागर,हेप्पी सिंह,अरविन्द कुमार शर्मा,श्याम बाबू गंगवार ,राजेन्द्र कुमार आदि मौजूद थे।

# सुखीजा परिवार से मिलने पहुंचे कोश्यारी



गदरपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने नगर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं पूर्व पालिका अध्यक्ष श्याम लाल सुखीजा के निवास पर पहुंचकर परिवार से मुलाकात की। इस दौरान पत्रकारों से वार्ता करते हुए भगत दा ने बताया पूर्व पालिका अध्यक्ष श्यामलाल सुखीजा के परिवार से उनके वर्षो पुराने घनिष्ठ संबंध हैं । लोकसभा चुनाव के लिए उनका समर्थन उनके लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा सुखीजा परिवार ने हमेशा ही समाज हित में कार्य किया है और समाज के एक मार्गदर्शक बनकर लोगों को समाज के प्रति जागरुक करते हुए लोगों के उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर किया है। सुखीजा परिवार ने माल्यार्पण कर भगत दा का स्वागत किया। इस अवसर पर रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा, भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा,पूर्व पालिकाध्यक्षा अंजु भुड्डी, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष राज कुमार भुड्डी, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष मुनि भुसरी सहित भाजपा के तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान श्याम लाल सुखीजा,राजू सुखीजा, नीटू सुखीजा,रमेश सुखीजा,नवीन सुखीजा,गोल्डी सुखीजा,आदित्य सुखीजा,,संजय खेड़ा,अजय खेड़ा,संजीव डोडा, योगेंद्र चौधरी,किशन सुधा,गुलशन छाबड़ा, राजू भुड्डी,परमजीत सिंह पम्मा,अशोक हुड़िया,मिठ्ठू बजाज,सुभाष गुम्बर, राकेश भुड्डी, पूनम ग्रोवर,अरविंद पाल,राजीव पपनेजा, किशु पपनेजा, प्रीत ग्रोवर, आकाश कोचर,प्रभजोत खेड़ा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# भाजपा के स्थापना दिवस पर कुष्ठ आश्रम में बांटे फल



रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ ने कार्यकर्ताओं के साथ जाकर कुष्ठ आश्रम में फल वितरित किए। उन्होंने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी का 45 वां स्थापना दिवस है । 1984 में भाजपा को मात्र दो सीटे मिली थी और तब से लेकर आज तक भाजपा ने कभी भी पीछे मुड़कर नहीं देखा । आज केंद्र और देश के कई राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं ।यह भाजपा कार्यकर्ताओं के मेहनत के बदौलत हासिल हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा के आला नेताओं ने खून पसीने से इस पार्टी को सींचा है जिसमें भाजपा के कार्यकर्ताओं का अहम योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाला कल भी भाजपा का है। क्योंकि पूरे देश के लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की और आशा भरी नजर से देख रहे हैं। उन्होंने कहा की उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य का चहुंमुखी विकास किया जा रहा है और समाज के हर वर्ग को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। श्री चुघ ने कहा कि भाजपा एक विशाल परिवार की तरह है और करोड़ों कार्यकर्ता इस परिवार का हिस्सा है उन्होंने कहा कि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है जिसका कुनबा लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बार एनडीए 400 पार का नारा दिया है जो कि देश की जनता के स्नेह की बदौलत पूरा होगा और फिर से केंद्र में भाजपा की सरकार बनेगी तथा देश के प्रधानमंत्री पद पर फिर से नरेंद्र मोदी आसीन होंगे तथा देश को नई दिशा और दशा देंगे। इसदौरान डॉ महेश कोली, बिट्टू शर्मा, राज कोली, दर्शन कोली, राम प्रकाश कोली, शिवकुमार शिव्वू, आशीष श्रीवास्तव, राजू गुप्ता, दीपक कोली, संजय कोली, अंकित श्रीवास्तव, इंदर कोली, बंटी कोली, राजकुमार कोली, पंकज कोली, संजू कोली, किशन कोली, विपिन कोली आदि लोग मौजूद रहे।

# श्रमिक की मौत पर महिला कार चालक के खिलाफ रपट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बीते दिनों हल्दी के पास कार की टक्कर से साथी के साथ सिडकुल से काम कर घर वापस लौट रहे श्रमिक की हुई मौत के मामले में मृतक की पत्नी ने आरोपी अज्ञात महिला कार चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया है। दर्ज रपट में श्रीमती राजबेटी पत्नी मोहन, निवासी पलिया दरोवस्त, उखली, कटरा, शाहजहांपुर, हाल निवासी फूलबाग कालोनी, पंतनगर विश्वविद्यालय ने कहा है कि उसका पति मोहन 39 वर्ष टाटा मोटर कम्पनी में हाउस कीपिंग के पद पर कार्यरत थे। 19 मार्च को प्रतिदिन की भांति अपने सहकर्मी नरेश पुत्र हरबू दयाल, निवासी झा कालोनी पंतनगर के साथ 3 बजे अपनी ड्यूटी समाप्त कर घर वापस आ रहा थे। हल्दी थाना के निकट पुलिया के पास पीछे से तेजी से आती कार संख्या यूके 06एआर4607 की महिला चालक ने उसके पति को टक्कर मार दी। जिससे गिरकर उनके सिर में गंभीर चोटे आई। महिला कार चालक ने अपने किसी साथी को फोन कर बुलाया जिसनें उसके पति को सरकारी अस्पताल पहुंचाया और चले गए लेकिन उसके पति व नरेश की कोई आर्थिक मदद नहीं की । चिकित्सकों ने जांच कर उसके पति कों मृत घोषित कर दिया। नरेश ने कम्पनी में कॉल कर घटना की जानकारी दी। जिसके बाद वह अस्पताल गई। जहां पुलिस पति को पोस्टमार्टम के लिए ले गई। उसके पाँच बच्चे हैं जिनके भरण पोषण तथा लालन पालन की समस्या उत्पन्न हो गई है। पुलिस ने अज्ञात महिला कार चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।